

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17


5 इंग्लैंड के खिलाफ टी20-वनडे सीरीज के लिए भारतीय.. | सम्पादकीय | पाकिस्तान से तनाव के बीच बीएसएफ... | पाटीदार ने माना कप्तानी सौंपे जाने के... 5

वर्ष 12 अंक 79 E-mail: dholpur@hotmail.com जयपुर, शनिवार 17 मई 2025 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# ऑपरेशन सिंदूर का दुनिया भर में संदेश देने सर्वदलीय नेताओं को भेजेगी सरकार

## सर्वदलीय नेताओं को भेज सकती है विदेश

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत कूटनीतिक कदम आगे बढ़ा रहा है। मोदी सरकार अब ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचाना चाहती है। जिसके लिए केंद्र सरकार आने वाले दिनों में कई देशों में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल भेजने की योजना बना रही है। सूत्रों ने बताया कि इसके लिए सरकार ने कई विपक्षी सांसदों से संपर्क किया है और उन्हें विश्व की राजधानियों में भेजी जाने वाली टीमों का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है। सरकार विदेशों में विशेष दूत भेजने के बारे में सोच रही है, ताकि यह बताया जा सके कि भारत किस तरह एकजुट है और पहलगाम में आतंकवादी हमले को झेला है। सूत्रों के




अनुसार, सरकार अलग-अलग समूह बनाने के बारे में सोच रही है, मुख्य रूप से संसदीय स्थायी समितियों से शुरुआत करके, जो प्रभावी रूप से यह दर्शा सकें कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी संगठनों के हमले के बाद भारत एकजुट है। सूत्रों ने बताया कि वे सबसे पहले यूरोप और खाड़ी देशों का रुख करेंगे। विदेश मंत्रालय लोकसभा और राज्यसभा सचिवालयों के साथ मिलकर इस प्रैक्टिस में भाग लेने वाले सांसदों की सूची तैयार कर रहा है। इसका एक उद्देश्य यह भी है कि प्रभावी ढंग से यह संदेश दिया जाए कि भारत पर पहले हमला हुआ था, और उसने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इसी प्रकार के अभ्यास 1994 में तथा पुनः 2008 में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी समूहों और नेटवर्कों द्वारा भारत पर किये गए हमलों के बाद किये गये थे।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कई विपक्षी सांसदों को फोन करके राष्ट्रीय हित में प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है। बताया जा रहा है कि सरकार जिन सांसदों के संपर्क में है, उनमें कांग्रेस के शशि थरूर और सलमान खुर्शीद, एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले , टीएमसी के सुदीप बंद्योपाध्याय, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी , डीएमके की कनिमोझी और बीजेपी के बीजे पांडा शामिल हैं। खुर्शीद पूर्व विदेश मंत्री हैं, जबकि थरूर विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष हैं।

## पिछली सरकारों ने अपना पक्ष रखने के लिए डेलिगेशन विदेश भेजे

ये पहली बार नहीं है, जब केंद्र सरकार ने किसी मुद्दे पर अपना पक्ष रखने के लिए विपक्षी पार्टियों की मदद लेगी। इससे पहले 1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने कश्मीर के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखने के लिए विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारतीय डेलिगेशन को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग भेजा था।

# ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है और जो कुछ भी हुआ वह सिर्फ एक ट्रेलर था - राजनाथ सिंह

आर.एन.एस

**भुज।** भुज एयरफोर्स स्टेशन पर वायुसेना के जवानों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, ÷हमने पाकिस्तान को प्रोबेशन पर रखा है। अगर उसका व्यवहार सुधरता है तो ठीक है, नहीं तो उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। जो कुछ भी हुआ वह तो बस ट्रेलर था। जब सही समय आएगा तो हम दुनिया को पूरी तस्वीर दिखाएंगे। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सिंह ने कहा, भुज 1965 और 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का गवाह रहा है और आज फिर यह पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का गवाह बना है। मुझे यहां उपस्थित होकर गर्व महसूस हो रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आपने जो कुछ भी किया, उससे सभी भारतीयों को गर्व हुआ है - चाहे वे भारत में हों या विदेश में। पाकिस्तान में पोषित आतंकवाद को कुचलने के लिए भारतीय वायुसेना के लिए सिर्फ



23 मिनट ही काफी थे। कल ही मैंने श्रीनगर में हमारे बहादुर सैन्यकर्मियों से मुलाकात की थी। आज मैं यहां वायु सेना के जवानों से मिल रहा हूं। कल मैं उत्तरी क्षेत्र में हमारे जवानों से मिला था और आज मैं देश के पश्चिमी भाग में वायु सेना के जवानों और अन्य सुरक्षाकर्मियों से मिल रहा हूं। मैं दोनों मोर्चों पर उच्च जोश और ऊर्जा देखकर उत्साह महसूस कर रहा हूं। मुझे विश्वास है कि आप भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखेंगे।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा, ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने भी स्वीकार कर लिया है। हमारे देश में एक पुरानी कहावत है, दिन में तारे देखना। मेड इन इंडिया ब्रह्मोस मिसाइल ने रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखाया। मेरे लिए ये कहना गलत नहीं होगा कि लोगों को नाश्ता करने में जितना समय लगता है, आपने उतना समय दुश्मनों से निपटने में लगा दिया। आपने दुश्मनों की धरती पर जाकर मिसाइलें गिराईं। इसकी गूंज सिर्फ भारत की सीमाओं तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि पूरे विश्व ने इसे सुना। वो गूंज सिर्फ मिसाइलों की नहीं थी, बल्कि आपकी और भारतीय सशस्त्र बलों के जवानों की बहादुरी की भी थी। ऑपरेशन सिंदूर 7 मई को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किया गया था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी।

# अब मप्र के के डिप्टी सीएम के बिगड़े बोल, कहा - सेना प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक

## कांग्रेस ने कहा-ये सेना के शौर्य का अपमान

आर.एन.एस

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में मंत्री विजय शाह के बाद अब डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर पर विवादित बयान दिया है। देवड़ा ने शुक्रवार को जबलपुर में कहा, प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। जबलपुर प्रवास के दौरान वे सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उनके बयान को कांग्रेस ने सेना के शौर्य का अपमान बताया। वहीं, बीजेपी ने कहा है कि कांग्रेस देवड़ा के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। विवाद बढ़ने के बाद डिप्टी सीएम ने सफाई दी। कहा, मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है। इससे पहले मंत्री शाह ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान दिया था। एमपी हाईकोर्ट ने पुलिस को एफआईआर दर्ज का आदेश दिया।। मंत्री इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। इस पर सुनवाई सोमवार को होगी। डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा, मन में बहुत क्रोध था। लोग पर्यटक के रूप में घूमने गए थे। वहां धर्म पूछ-पूछकर और महिलाओं को एक तरफ खड़ा करके उनके सामने पति को गोली मारी। बच्चों के सामने गोली मारी। उस दिन से दिमाग में बहुत तनाव था। जब तक इसका बदला नहीं लिया जाएगा और जिन माताओं के सिंदूर को मिटाने का काम जिन आतंकवादियों ने किया और आतंकवादियों को जिन्होंने पाला, जो पाल रहे हैं उनको नेस्तनाबूद नहीं कर देंगे, तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे। प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे।...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। उनके चरणों में पूरा देश नतमस्तक है। उन्होंने जो जवाब दिया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, जितना कहा जाए, एक बार उनके लिए जोरदार तालियां बजाकर स्वागत करिए।



## प्रियंका ने कहा, ये सेना का अपमान

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है, भाजपा के नेताओं की ओर से लगातार हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है।

# हॉन्गकॉन्ग में कोरोना के 31 मामले सामने आए



## सिंगापुर अलर्ट पर, चीन-थाईलैंड में भी बढ़ सकते है मामले

आर.एन.एस

**हॉन्गकॉन्ग।** हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में फिर से कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। हॉन्गकॉन्ग में 3 मई तक कोरोना संक्रमण के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें कई मौतें भी शामिल हैं। सिंगापुर ने भी कोविड अलर्ट जारी करते हुए इस साल कोरोना के मामलों पर अपना पहला अपडेट जारी किया है। सिंगापुर में अप्रैल के आखिरी हफ्ते कोरोना के केसों की संख्या 11,110 थी, जो मई के पहले हफ्ते बढ़कर 14,200 हो गई है। इसमें 28त्न का इजाफा हुआ है। यहां मामलों में 28त्न का इजाफा हुआ है। इस साल अब तक कोरोना के 14200 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, रोजाना आधार पर अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30त्न तक बढ़ गई है।

## एशिया के बाकी हिस्सों में भी फैलने का खतरा

स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी एक बार फिर से विकराल रूप ले सकती है और इसका असर एशिया के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है। हॉन्गकॉन्ग में संक्रामक बीमारियों के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ के मुताबिक कोरोना वायरस के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने का चांस इस साल के हाई पर पहुंच गया है।

# कश्मीर : दो अभियानों में छः आतंकवादी ढेर

आर.एन.एस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में हुए दो एनकाउंटर में छह आतंकवादी ढेर कर दिए गए हैं। सेना-पुलिस ने शुक्रवार को जॉइंट प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि, कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन जारी है।त्राल और शोपियां में 2 एनकाउंटर में आतंकी मारे गए। एक ऑपरेशन ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हुआ, एक ऑपरेशन गांव में हुआ। सुरक्षाबलों ने सावधानी से दोनों जगह टेररिस्ट को मारा। सेना ने कहा- सभी सिक्योरिटी फोर्सेस के बीच का कॉर्डिनेशन अच्छा था और ये ऑपरेशन उसका प्रमाण हैं। आने वाले समय में भी ये कॉर्डिनेशन बना रहेगा। जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद का सफाया कर देंगे। लोगों का भी



धन्यवाद करेंगे कि उनके सहयोग के बिना इस तरह की सफलता मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन थी।

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मेजर जनरल धनंजय जोशी (जीओसी विक्टर फोर्स ) ने कहा कि दक्षिण कश्मीर में दो बड़े आतंकवाद विरोधी अभियान चलाए गए। मेजर जनरल जोशी ने संवाददाताओं को बताया, 'सीआरपीएफ, सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने मिलकर केल्लर (शोपियां) और त्राल (पुलवामा) में इन अभियानों को अंजाम दिया और छह आतंकवादियों को मार गिराया गया। यह केवल सुरक्षा बलों के आपसी समन्वय से ही संभव हो सका।'

# सिक्किम के एकीकरण से भारतीय गणतंत्र बहुत समृद्ध हुआ - जयराम रमेश

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सिक्किम राज्य की स्थापना के 50 साल पूरे होने के मौके पर शुक्रवार को इसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य का संक्षिप्त उल्लेख किया और कहा कि इस प्रदेश के एकीकरण से भारतीय गणतंत्र अत्यधिक समृद्ध हुआ है। सिक्किम 16 मई, 1975 को भारत के एक प्रदेश के रूप में अस्तित्व में आया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ÷ 36वां संविधान संशोधन विधेयक 23 अप्रैल, 1975 को लोकसभा द्वारा और इसके तीन दिन बाद राज्यसभा द्वारा पारित किया गया।÷ उन्होंने कहा, इसके बाद राष्ट्रपति की संतुति से



36वां संशोधन अधिनियमित किया गया और 6 मई, 1975 को यानी आज से ठीक पचास साल पहले सिक्किम भारत का 22वां राज्य बन गया। संविधान के अनुच्छेद 371-एफ में इसके और इसके लोगों के लिए विशेष प्रावधान शामिल थे। उन्होंने कहा कि सिक्किम के एकीकरण से भारतीय गणतंत्र अत्यधिक समृद्ध हुआ है और राज्य के खाते में कई प्रभावशाली उपलब्धियाँ भी हैं। रमेश ने उल्लेख किया कि पी.एन. धर की किताब इंदिरा गांधी, द इमर्जेंसी एंड इंडियन डेमोक्रेसी में इस बात का सबसे अंदरूनी विवरण है कि विलय कैसे हुआ।

# एस जयशंकर ने तालिबान सरकार को शुक्रिया कहा!



आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए मुत्ताकी को शुक्रिया कहा। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के उन आरोपों को खारिज कर दिया था, जिनमें कहा गया था कि भारतीय मिसाइलों ने अफगानिस्तान को टारगेट किया। जयशंकर ने इस बात के लिए भी अफगान सरकार का शुक्रिया किया। यह भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच मंत्री स्तर की पहली बातचीत थी। जयशंकर ने कहा कि भारत और अफगान लोगों के बीच जो पुराना दोस्ताना रिश्ता है, उसे दोहराया गया और भविष्य में इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए, इस पर बातचीत हुई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान के विदेश मंत्री ने भारत से अफगान व्यापारियों और मरीजों के लिए भारतीय वीजा की सुविधा की मांग की। इसके अलावा भारत में अफगान कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी का भी अपील की। जयशंकर ने इन मुद्दों को तुरंत हल करने की बात कही। भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान की एंट्री के बाद 25 अगस्त 2021 को तत्काल प्रभाव से वीजा देना बंद कर दिया था। तालिबान के सत्ता में आने के बाद वहां की सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया था।

# मप्र : मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग पर अड़े कांग्रेसी

## केस में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली, अगली सुनवाई 19 मई को

आर.एन.एस

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 19 मई तक स्थगित कर दी है। शाह ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उन पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया था। इससे पहले शुक्रवार को सुनवाई के दौरान मंत्री शाह के वकील ने कोर्ट से कहा कि हमें कुछ दस्तावेज दायर करने हैं। कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने एक्स पर



लिखा- बीजेपी अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। वह ऐसा करके हमारी सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है?

मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल आज राज्यपाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की। इसके बाद कांग्रेसी विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए। बाद में उन्हें पुलिस ने जबरन उठाया और गिरफ्तार करके ले गई। हालांकि, थोड़ी देर बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

# रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ बढ़ाने का प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपए बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवंबर-दिसंबर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपए का बजट दिया था। इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5त्न ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपए दिए थे। क्कूमोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे।

# ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री के दृढ़ निश्चय, सटीक खुफिया जानकारी को दर्शाता है - अमित शाह



आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प, विभिन्न एजेंसियों द्वारा सटीक खुफिया जानकारी जुटाने और भारतीय सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतिबिंब है। उन्होंने विभिन्न एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने के लिए दिल्ली में एक नए बहु-एजेंसी केंद्र का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर मोदी के दृढ़ संकल्प, विभिन्न एजेंसियों द्वारा सटीक खुफिया जानकारी जुटाने और हमारे सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतिबिंब था। खुफिया ब्यूरो के तहत बहु-एजेंसी केंद्र की स्थापना 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद की गई थी, जिसका उद्देश्य कानून प्रवर्तन में शामिल विभिन्न हितधारकों के बीच समय पर जानकारी साझा करना था।

## भारत और पाकिस्तान के बीच अब युद्ध विकल्प नहीं- पीडीपी

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध अब कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि इससे दोनों पड़ोसी देशों के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे। अपने मासिक समाचार पत्र %स्पीक अप% में विपक्षी पार्टी ने कहा कि अब संयम बरतने, तनाव कम करने और बातचीत करने का समय आ गया है। पार्टी ने कहा, युद्ध अब कोई विकल्प नहीं है; यदि नेतृत्व इस अवसर पर आगे नहीं आता है तो यह दोनों पड़ोसियों के लिए आपदा होगी। अब विजयोन्माद का समय नहीं है। अब संयम बरतने का समय है - तनाव कम करने का, बातचीत का, सीमा से पीछे हटने के लिए आवश्यक शांत साहस का। पिछले दो सप्ताह की घटनाओं पर टिप्पणी करते हुए पीडीपी ने कहा कि इस महीने कुछ कष्टदायक दिनों के लिए उपमहाद्वीप तबाही के कगार पर खड़ा था। पार्टी ने पूछा, मिसाइलें उड़ीं, ड्रोन सीमा पार से उड़े और नियंत्रण रेखा के पास के पूरे गांव इस हमले के लिए तैयार हो गए।

# एमपीएस इंटरनेशनल की आर्या सोमवंशी ने गीता कॉन्टेस्ट में राज्य स्तर पर प्राप्त किया प्रथम स्थान




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** अक्षय पात्र फाउंडेशन की ओर से आयोजित गीता कॉन्टेस्ट में राजस्थान से लगभग सवा लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एमपीएस इंटरनेशनल की कक्षा- 9 की छात्रा आर्या सोमवंशी ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया। गुप्त वृंदावन धाम मंदिर जयपुर में पुरस्कार वितरण समारोह रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय शिक्षा मंत्री श्री मदन जी दिलावर, विशिष्ट अतिथि आर एस एस के जयपुर वरिष्ठ प्रचारक श्री माणक जी भाई साहब ,श्री हरीश चन्द्र जी तथा ईसीएमएस महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन जी बिहाणी ने अपने कर कमलों से मेधावी छात्रा आर्या को ?11000 नकद ,प्रमाण पत्र व ट्रॉफी से पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय सचिव इंजीनियर श्री दीपक जी सारड़ा तथा भवन मंत्री श्री महेश जी चांड़क ने आर्या के भारतीय संस्कृति के प्रति रुझान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समस्त विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है । भारतीय संस्कृति व संस्कारों के प्रति विद्यार्थियों को सदैव प्रोत्साहित करने वाली प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने आर्या, उसके अभिभावकों तथा अध्यापकों को बधाई दी व विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में अधिकतम भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया।

# एन. के. पब्लिक स्कूल में समूह व एकल नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** एन. के. पब्लिक स्कूल में आज समूह व एकल नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में सजे रंगारंग मंच पर छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एन. सी. लुनायच और निदेशक कुलदीप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. लुनायच ने अपने उद्बोधन में कहा कि नृत्य हमारी संस्कृति और परंपराओं का अभिन्न अंग है। यह न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्रों को अपनी प्रतिभा को निखारने और इस तरह की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। निदेशक कुलदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों को अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चार हाउस - यजुर्वेद, ऋग्वेद, सामवेद और अथर्ववेद - ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने शास्त्रीय, लोक और समकालीन नृत्य शैलियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

अंत में, प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें यजुर्वेद हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋग्वेद हाउस द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि अथर्ववेद हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रबंध निदेशक और निदेशक ने विजेता हाउस और प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# एब्डोमिनल कैंसर डे 19 मई को, 18 मई को 25 से अधिक शहरों में होंगी मल्टीसिटी वॉक



## 19 मई को लाइव ग्लोबल कन्वर्सेशन के साथ होगा पेनल डिस्कशन

## एब्डोमिनल कैंसर को लेकर जागरूकता का दिया जाएगा सन्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** 19 मई को एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट के तत्वाधान में वैश्विक स्तर पर एब्डोमिनल कैंसर डे 'माय हेल्थ माय रेस्पोंस्बिलिटी स्लोगन के साथ मनाया जायेगा जिसका मुख्य आयोजन 19 मई को लाइव ग्लोबल कन्वर्सेशन के साथ पेनल डिस्कशन के रूप में होगा जिसमे कोलोरेक्टल कैंसर के बारे में जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेण्टर में विशेष चर्चा की जाएगी , साथ ही एक दिन पूर्व 18 मई को 25 शहरो में कर्टन रेसर इवेंट के रूप में मल्टी सिटी वाक का आयोजन किया जायेगा जिसमे बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेंगे। एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट द्वारा फोर्टिस हॉस्पिटल और आईआईईएमआर इंस्टिट्यूट ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट के सहयोग से आयोजित होने वाले एब्डोमिनल कैंसर डे की टी शर्ट और टैग लाइन का विमोचन किया गया जिसमे एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट के फाउंडर एवं एब्डोमिनल कैंसर डे के संस्थापक डॉ संदीप जैन, फोर्टिस हॉस्पिटल के निदेशक डॉ मनीष अग्रवाल, आईआईईएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट के निदेशक मुकेश मिश्रा , कार्यक्रम के समन्वयक एडवोकेट कमलेश शर्मा , सीडार्ट की निदेशक डॉ प्रमिला संजय , जयपुर रनरस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया उपस्थित रहे एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट के फाउंडर एवं एब्डोमिनल कैंसर डे के संस्थापक डॉ संदीप जैन ने बताया की मुख्य आयोजन 19 मई को होगा जिसमे लाइव ग्लोबल कन्वर्सेशन के साथ पेनल डिस्कशन में इस बार चर्चा का मुख्य बिंदु कोलोरेक्टल कैंसर होगा जिसमे एक्सपर्ट पेनलिस्ट के रूप मै डॉ एस एस शर्मा, डॉ अजय बापना , डॉ रुपेश पोकरना , डॉ राम डागा ,डॉ कमल किशोर शामिल होंगे साथ ही ये ग्लोबल लेवल पर लाइव होगा जिसमे लोग अपने प्रश्न उत्तर कर सकेंगे। डॉ संदीप जैन ने कहा की अगर हम अपनी अनियमित जीवनशैली में सुधार करें और पेट से जुड़ी समस्याओं को समय पर डॉक्टर को बताएं, तो पेट के कैंसर का खतरा कम किया जा सकता है। इसके साथ ही कैंसर की पहचान शुरूआती चरण में हो सकती है और उसका सही इलाज समय पर किया जा सकता है। आईआईईएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट के निदेशक मुकेश मिश्रा ने बताया कि इस बार की थीम माय हेल्थ, माय रेस्पोंसिबिलिटी है जिसका उद्देश्य लोगों में अपनी बीमारियों के प्रति खुद सक्रिय होकर अपनी सेहत को प्राथमिकता देने के प्रति जागरूक करना है। 18 मई कर्टेन रेसर इवेंट के रूप में को 25 से अधिक शहरों में एबीसीडी मल्टीसिटी वॉक होंगी , जयपुर में यह हेरिटेज वाल्क सुबह 6.15 बजे जलेबी चोक से शुरू होकर सिटी पेलेस , जंतर मंतर , आतिश मार्किट , त्रिपोलिया गेट , चौडा रास्ता , हवामहल होते हुए वापस जलेबी चोक पर समाप्त होगी।

# नारी रो कल-आज नृत्य नाटिका से जीवंत हो उठी राजस्थानी संस्कृति



## 21 महिलाओं को आइडियल वूमेनिया अवॉर्ड से नवाजा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र, जयपुर के रंगायन ऑडिटोरियम में नृत्यांशी कला सोसायटी और जवाहर कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक संध्या ÷नारी कल और आज÷ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राजस्थानी भाषा व संस्कृति को बढ़ावा देना और नारी सशक्तिकरण के विविध आयामों को समाज के समक्ष प्रस्तुत करना था। कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुति रही एक प्रभावशाली नृत्य नाटिका, जिसमें राजस्थानी परंपराओं, सामाजिक कुरीतियों, और महिला संघर्षों को मंच पर सजीव किया गया। इस प्रस्तुति का लेखन, निर्देशन, संगीत और नृत्य संयोजन ब्रज किशोर श्रीवास्तव की ओर से किया गया। नृत्यांशी कला सोसायटी की फाउंडर प्रीति श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 21 प्रेरणादायी महिलाओं को ÷आइडियल वूमेनिया नेशनल अवॉर्ड 2025÷ से सम्मानित किया गया। सभी महिलाओं को मंच पर माला पहनाकर, प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सम्मानित महिलाओं में शामिल थीं÷ रुचि साधवानी, बबीता मदान, अर्चना श्रीवास्तव, अंजना खींची, संगीता शर्मा, हेमलता शर्मा, शालिनी शर्मा, डॉ. सीमा सक्सेना, डॉ. माया रानी, मनीषा खींची, रुचि भार्गव, पूजा जोशी, प्रियंका सिंह, बरखा सोनी और सुलेखा सैनी, अंजीता सिंह, सविता विजय, सविता चौधरी, प्रो. डॉ. प्रेम दवे और पूजा राठौर। इस कार्यक्रम में 35 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया। मंच संचालन चंचल शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र खींची और विशिष्ट अतिथि आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया, मिलाप शर्मा रहे। अरबाज खान ने कार्यक्रम की सराहना की और सभी महिलाओं व कलाकारों को बधाई दी।

# कलशयात्रा के साथ कराया प्रतिमाओं को नगर भ्रमण

## परशुरामपुरी में कल विराजेंगे राम-लखन जानकी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** जल महल स्थित परशुरामपुरी कॉलोनी के नवनिर्मित मंदिर में तीन दिवसीय प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को कलशयात्रा के साथ हुआ। आयोजन से जुड़े सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि परशुरामपुरी कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष नरेश शर्मा (श्याम) एवं अन्य ने कलश यात्रा को धर्म ध्वज दिखाकर रवाना किया। नवनिर्मित मंदिर से हाथी, घोड़े और लवाजमे के साथ निकली कलश यात्रा में साढ़े चार फीट ऊंचाई के श्रीराम दरबार, मंगलेश्वर महादेव और मां दुर्गा की मूर्तियों को सजाकर जयकारों के साथ नगर भ्रमण कराया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एक ही रंग की साड़ी पहन कर मंगल गीत चल रही थीं। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। लोगों ने श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह ठंडे पानी और शर्बत की व्यवस्था की। नगर भ्रमण यात्रा रिजर्व पुलिस लाइन, जल महल, आमेर रोड होती हुई पुनः मंदिर पहुंची। इसके बाद मंदिर में 24 घंटे की अखंड रामायण शुरू हुई। नरेश शर्मा ने मुख्य यजमान के रूप में सपत्नीक और सकुटुंब रामायणजी का पूजन किया। पंडितों ने बारी-बारी रामायण की चौपाइयों का वाचन किया।

**आज होंगे विविध अधिवास:** शनिवार, 17 मई को दोपहर आरती के साथ अखंड रामायण पाठ का समापन होगा। इसके बाद मूर्ति प्रतिष्ठा की पूर्व क्रियाएं शुरू होंगी। 11 वैदिक विद्वान अनुष्ठान प्रारंभ करेंगे। समस्त देवी-देवताओं, श्रीराम दरबार, दुर्गा माता और शिव परिवार का अन्न, जल, फल सहित अन्य सामग्री से अधिवास कराया जाएगा।

**कल अभिजीत मुहूर्त में होगी प्राण प्रतिष्ठाः** 18 मई रविवार को दोपहर 12:15 अभिजीत मुहूर्त में संत-महात्माओं के सान्निध्य में सभी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। जयपुर सांसद मंजू शर्मा , हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, जयपुर नगर निगम हेरिटेज की महापौर कुसुम यादव, स्थानीय पार्षद सहित सभी कॉलोनीवासियों की गरिमामय उपस्थिति में संगीतमय महाआरती की जाएगी। उसके बाद हजारों भंडारा प्रसादी होगी।

# महिमा जैन को गोल्ड मेडल



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चाकसू।** राजस्थान विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम में चाकसू की महिमा जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चाकसू निवासी महिमा जैन को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे एवं उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

# पार्षद पंडित करण शर्मा ने मध्य प्रदेश के मंत्री का कर्नल सोफिया के खिलाफ दिए गए बयान के बाद विजय शाह का पुतला जलाया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** स्वेज फार्म सर्किल पर मध्यप्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह द्वारा इंडियन आर्मी के ऑफिसर सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए आपत्तिजनक बयान पर वार्ड 134 के कांग्रेस पार्षद पंडित करण शर्मा ने प्रतीकात्मक पुतला जलाया और विरोध प्रदर्शन किया इंडियन आर्मी जिंदाबाद भारतीय सेना जिंदाबाद विजय शाह मुर्दाबाद के जमकर कार्यकर्ताओं ने नारे लगाये ।इस अवसर पर एडवोकेट रवि शर्मा अजय सिंह अमित शर्मा अजय वर्मा श्याम शर्मा रोहित सिंह हरीश वर्मा और आशीष,जयंत शर्मा और तरुण मीणा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। पार्षद पंडित करण शर्मा ने कहा कि जिस तरीके से इंडियन आर्मी ने ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और कर्नल सोफिया की जो भूमिका थी,उसको हम सेल्यूट करते हैं, भारतीय सेना का दिल से सम्मान करते है,भारतीय सेना का मनोबल ऐसे बयान से कही न कही कमजोर होता है।लेकिन मंत्री द्वारा जो बयान दिया वह बेहद निराशाजनक,शर्मनाक है और और उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है।और पार्षद पंडित करण शर्मा ने बताया कि एक लेटर प्रधानमंत्री के नाम जिलाधीश महोदय को भी देंगे, उसमें विजय शाह को मंत्रीपद से बर्खास्त की जाए यह मांग रखी जाएगी।

# पारीक कॉलेज के आयुष वर्मा को आरयू में गोल्ड मेडल मिला



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** एस.एस.जी. पारीक पी.जी. कॉलेज में एम.कॉम ए.बी.एस.टी. परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विधार्थी आयुष वर्मा को राजस्थान विश्वविधालय के 34वे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया है। इस असाधारण उपलब्धि पर प्रबंध कार्यकारिणी के सचिव लक्ष्मीकांत पारीक के द्वारा आयुष वर्मा को माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।साथ ही महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के जूलोजी बी.एस.सी आनर्स की राजस्थान विश्वविधालय सत्र 2024-25 की परीक्षा मे सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा लविशा गुप्ता को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर पारीक महासभा के अध्यक्ष केके पारीक, प्रबंध कार्यकारिणी के उपाध्यसक्ष एन.के.पारीक एवं कोषाध्यीक्ष बुद्धिप्रकाश पारीक पारीक ने भी दोनो विद्यार्थियो को बधाई दी इससे पूर्व कॉलेज के प्राचार्यए एवं उपप्राचार्य एवं वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक अरुण पारीक ने छात्र को बहुत-बहुत बधाई दी।

# राजस्थान के वन प्रमुख, अरिजीत बनर्जी करेंगे अनावरण



## कर्नल केसरी सिंह कानोता- द टाईगर पुस्तक का विमोचन 18 मई को

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर ।** जयपुर के नारायण निवास में रविवार 18 मई को कर्नल केसरी सिंह पर लिखी एक पुस्तक कर्नल केसरी सिंह कानोता- द टाईगर का विमोचन किया जायेगा। कर्नल केसरी ने सारा जीवन शेर, बाघ, बघेरों आदि के लिए जीया और वे कश्मीर, ग्वालियर और फिर जयपुर के जंगलों के मुख्य वन संरक्षक रहे। यह वही व्यक्ति है जिसने झालाना के जंगल से 1943 में एक बाघिन के पांच बच्चों को मरने से बचाया और अपने निवास में लाकर उनका पालन पोषण किया। इस पुस्तक के लेखक उनके बेटे ठाकुर रघुनाथ सिंह कानोता हैं ।

पुस्तक के लिए जोधपुर महाराजा गज सिंह ने भूमिका लिखी है। यह पुस्तक पुराने सन्दर्भ में आज के वन्य जीव संरक्षण के लिए एक नई मिसाल बनने वाली है। राजस्थान के वन प्रमुख, श्री अरिजीत बनर्जी इसका अनावरण करेंगे।

# 9 किलो 70 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जप्तकर, 2 मुलजिमों को किया गिरफ्तार, परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल जप्त

**बूंदी।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में व उमा शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बूंदी के मार्गदर्शन में अरुण कुमार मिश्रा वृताधिकारी वृत बून्दी के निकटतम सुपरविजन में श्री रमेश चन्द आर्य पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना सदर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया जाकर दौराने नाका बंदी पुलिस चौकी रामनगर जिला बूंदी के सामने 2 आरोपी अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा 9 किलो 70 ग्राम मय एक मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.05.2025 को पुलिस टीम द्वारा उच्चाधिकारियो के आदेशानुसार रामनगर पुलिस चौकी के सामने नाकाबंदी शुरु की गई।

# बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में दस दिवसीय कार्यशाला नौकरी लेना नहीं, नौकरी देना का हुआ शुभारंभ



## बियानी ग्रुप में शुरू हुई 10 दिवसीय कार्यशालाः आत्मविश्वास से स्टार्टअप तक का सफर

**जयपुर ।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में शुक्रवार को दस दिवसीय कार्यशाला नौकरी लेना नहीं, नौकरी देना है का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास तथा उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यशाला के पहले दिन सत्र में कॉलेज के निदेशक डॉ. संजय बियानी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के लिए जोखिम उठाने के महत्व को बताया । उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ाने और मंच पर सहजता लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों करवाई , जिससे उनका स्टेज फियर दूर हो सके। डॉ. बियानी ने गुरु और मैरीकॉम जैसी फिल्मों के उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्टार्टअप और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, आज का युवा केवल नौकरी लेने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बन सकता है, यदि वह अपनी क्षमताओं को पहचानकर उन्हें सही दिशा में विकसित करे। यह कार्यशाला आगामी दस दिनों तक डॉ. संजय बियानी के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न प्रैक्टिकल गतिविधियों और मार्गदर्शन सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्यमिता से जुड़े व्यावसायिक कौशल और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाएगा।

# भारतीय किसान संघ की बैठक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस/ चाकसू।

भारतीय किसान संघ शाखा चाकसू की बैठक जयपुर संभाग युवा प्रमुख ज्ञान चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा की गई। इन मांगों को नहीं मानने पर किसान धरने पर बैठेंगे। किसानों ने शहीद हुए सैनिकों को भी श्रद्धांजलि दी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष - जगदीश गैना, तहसील अध्यक्ष - रामफूल गौरा उपाध्यक्ष - रामकुवार ढाका, महिपाल सिंह चौहान, मिडिया प्रभारी - राजेश नैनवा, मंत्री- रामवतार बलाई, अशोक कुमावत व छीतर चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी के मामले में मध्यप्रदेश के मंत्री शाह की बढी मुश्किलें

## बूंदी के कांग्रेस नेता की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दर्ज किया केस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी ।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर भारत की ओर से जवाबी कार्यवाही में शामिल महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केस दर्ज कर लिया है। आयोग ने बूंदी के कांग्रेस नेता राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा की शिकायत पर शुक्रवार को केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के एक्शन में आने के बाद मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह की मुश्किले बढ़ती जा रही है। मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान के बाद इस मामले में बूंदी के चर्मेश शर्मा ने गुरुवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत की थी। जिस पर आयोग ने शुक्रवार को आयोग ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया। मानवाधिकार आयोग में दर्ज शिकायत में बूंदी के कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा ने पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध मध्यप्रदेश के सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी को भारतीय नारी सम्मान की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला व राष्ट्रीय एकता व अखंडता की विरुद्ध बताया गया है। शिकायत में मानव अधिकार आयोग से भारतीय सेना की सभी महिला अधिकारियों की नारी सम्मान की गरिमा सुनिश्चित करने के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान देने वाले मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गयी है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी पर मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाने वाले बूंदी के कांग्रेस नेता राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना का सम्मान सर्वोपरि है।और किसी भी सैन्य अधिकारी का इस तरह से अपमान बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।शर्मा ने कहा कि यह और भी शर्मनाक है कि जिस व्यक्ति ने संविधान की शपथ लेकर एक राज्य सरकार के मंत्री का पद ग्रहण कर रखा है उसके द्वारा ऐसी अपमानजनक टिप्पणी भारतीय सेना

# छात्रवृति में देरी या तकनीकी समस्या के त्वरित समाधान के लिए संस्था प्रधान और विभागीय अधिकारी करें बेहतर समन्वय से काम –बचनेश अग्रवाल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा छात्र-छात्राओं को तय समयावधि में छात्रवृति उपलब्ध कराने की है। इसमें होने वाले विलंब या समस्या के समाधान के लिए संस्था प्रधान और विभागीय अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ काम कर छात्र-छात्राओं को राहत पहुंचाएं। उन्होंने कहा इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अग्रवाल ने शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मुख्यालय अंबेडकर भवन के सभागार में जिले के लगभग 50 सरकारी और निजी कॉलेजों के प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर छात्रवृति प्रक्रिया को आसान बनाने और छात्र-छात्राओं को प्रक्रिया समझाने और उचित परामर्श के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थान या विद्यार्थी स्तर से समय पर आवेदन विभाग को अग्रेषित नहीं किए जाने, विद्यार्थियों द्वारा संस्थान में



बायोमैट्रिक नहीं किए जाने, विद्यार्थी द्वारा समय पर आक्षेप पूर्ति नहीं किए जाने संबंधी समस्याओं को सुना और अधिकरियों को इनके त्वरित समाधान के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव ने कहा समस्त संस्था प्रभारी संस्थान स्तर पर छात्रवृत्ति संबंधी कार्मिकों द्वारा प्रतिदिन निस्तारण की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें तथा एक कलैंडर तैयार कर छात्रवृत्ति का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के आवेदनों पर लगने वाले आक्षेपों के निस्तारण के संबंध में एक एसओपी बनाई जाए तथा जिन विद्यार्थियों द्वारा समय पर आक्षेप पूर्ति नहीं की जा रही है या बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करवाई जा रही है उनको व्हाट्सएप, दूरभाष या नोटिस चस्पा कर शीघ्र आक्षेप पूर्ति करवाएं।

अग्रवाल ने संस्थानों को संस्थान छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी का नाम, मोबाइल नम्बर तथा नोडल अधिकारी द्वारा छात्रवृत्ति आवेदनों का निस्तारण करने का समय नोटिस पर चस्पा किए जाने तथा इसकी प्रतिलिपि विभाग को प्रेषित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय जिला अधिकारी प्रत्येक माह अधिक पेंडेंसी वाले शिक्षण संस्थानों के साथ मीटिंग कर पेंडेंसी की समीक्षा करें तथा प्रतिमाह रिपोर्ट निदेशालय को प्रेषित करें।

निदेशक ने विभागीय जिला अधिकारियों द्वारा संस्थानों के औचक निरीक्षण करने तथा अनियमितता बरतने वाली संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बायोमैट्रिक ओथेन्टिकेशन के लिए यूडीआईडी द्वारा पंजीकृत एल-1 डिवाइस इस्तेमाल करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संस्थान स्तर पर विद्यार्थियों के आवेदन जांच किए जाने दो कर्मचारियों के नियोजन के साथ पोर्टल पर संस्थान या विद्यार्थियों को बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन या उपस्थिति के लिए फेस रिकॉगनेशन की सुविधा भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संस्थान स्तर पर आ रही तकनीकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए निदेशालय की तकनीकी टीम प्रत्येक माह में दो दिवस शिक्षण संस्थानों की तकनीकी समस्याओं का समाधान भी करे। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक (छात्रवृत्ति) अशोक जांगिड़, संयुक्त निदेशक (आईटी) अमर सिंह मीणा, संयुक्त निदेशक बीपी चंदेल, उप निदेशक ओपी राहड, जितेन्द्र सेठी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राजस्थान के 14 निकायों–पंचायतों में होगा उपचुनाव: 8 जून को वोटिंग होगी

### भारत–पाकिस्तान तनाव के बाद स्थगित कर दिए गए थे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान की नगरीय निकायों (नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम), पंचायत समितियों, ग्राम पंचायतों और जिला परिषद के उपचुनावों का नया शेड्यूल घोषित किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक उपचुनाव के लिए 8 जून को वोटिंग होगी। पंचायती राज संस्थाओं के लिए 20 मई और नगरीय निकायों के उपचुनाव की अधिसूचना 21 मई को जारी की जाएगी।

इससे पहले आयोग ने अप्रैल में उपचुनाव के लिए शेड्यूल जारी किया था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से बढ़े तनाव को देखते हुए आयोग ने चुनाव स्थगित कर दिए थे।

### जिला प्रमुख और प्रधान के लिए भी होंगे चुनाव

शेड्यूल के मुताबिक प्रदेश की 14 नगर निकायों (नगर पालिका और नगर परिषद) के 12 वार्डों, 1 नगर पालिका अध्यक्ष और 1 उपाध्यक्ष पद पर उपचुनाव होगा। इसी तरह पंचायती राज संस्थाओं में एक जिला प्रमुख, 2



प्रधान, एक उप प्रधान, 7 जिला परिषद सदस्यों, 18 पंचायत समिति सदस्यों, 17 सरपंच, 15 उपसरपंच और 169 ग्राम पंचायतों में वार्ड पंच के लिए उपचुनाव होगा।

### इन जगह पर होंगे पंचायतों के चुनाव

जिला प्रमुख (गंगानगर), जिला परिषद सदस्य (गंगानगर वार्ड 16, सिरोही वार्ड 18, राजसमंद वार्ड 1, प्रतापगढ़ वार्ड 13, झालावाड़ वार्ड 5, डूंगरपुर वार्ड 9, 12, धौलपुर वार्ड 9, अलवर वार्ड 29), प्रधान (पंचायत समिति कल्याणपुर (बाड़मेर), सपोटरा (करौली) और उपप्रधान (पंचायत समिति घाटोल (बांसवाड़ा) में चुनाव होंगे।

जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड पंच और सरपंच के चुनाव के लिए नामांकन 20 मई से भरे जाएंगे और वोटिंग 8 जून को होगी। उपसरपंच के लिए वोटिंग की प्रक्रिया 9 जून को करवाई जाएगी। जिला प्रमुख और प्रधान के लिए वोटिंग 10 जून को होगी। उपप्रधान के लिए वोटिंग 11 जून को होगी। अध्यक्ष के लिए 10 जून को अधिसूचना जारी होगी। 16 जून को वोटिंग होगी। उपाध्यक्ष के लिए 17 जून को वोटिंग होगी।

# दूबरा स्कूल में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूबरा के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने शनिवार से स्कूलों में शुरू हो रहे ग्रीष्मावकाश से पूर्व गर्मियों में पक्षियों को पानी मिलता रहे स्कूल परिसर में पेड़ों पर परिंडे लगाकर उनमें नियमित ताजा पानी भरने तथा पक्षियों के लिए दाने पानी की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी छात्रों की टोली को सौंपी। संस्था प्रधान घनश्याम दत्त शर्मा ने कहा कि पशु पप्रकृति की अनमोल कृति होते है।इनकी देखभाल करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिये दाने पानी व्यबस्था करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य होता है।इस दौरान शिक्षक नेता राजेश शर्मा ने पेड़ों पर लगाए गए परिंडों में प्रतिदिन ताजा पानी भरने व



» धौलपुर..परिण्डे में पानी भरते शिक्षक

दाना डालने हेतु छात्रों की टोली गठित कर जिम्मेदारी सौंपी।वरिष्ठ अध्यापक आशीष शर्मा ने ग्रीष्म ऋतु में सभी छात्रो से अपने अपने घरों पर एक एक परिण्डा लगाकर नियमित ताजा पानी भरने का आह्वान किया। अध्यापिका सुमन मीणा ने कहा कि जीव जन्तु हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं।इनके संरक्षण से ही पर्यावरण शुद्ध रहता है ।उन्होंने छात्र शिक्षकों को गर्मियों में पक्षियों के लिये दाने पानी का जतन करने की शपथ दिलाई। अध्यापक रामनरेश ने कहा कि बेजुबान पक्षियों की देखभाल एंव जीवन रक्षा के लिए लगाए गए परिंडो में दाने पानी की व्यवस्था को देखते रहेंगे व जीवो के प्रति दया भाव की जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से गर्मियों की छुट्टियों में निर्वहन करेंगे। इस मौके पर आशीष शर्मा, साधना गहलोत, रमाकांत, भावना शर्मा, सुमन मीणा, अमिता सहित स्कूली विद्यार्थीमौजूद रहे।

# राजाखेड़ा में तीन दिन पेयजल आपूर्ति रहेगी कम

### बिजली कटौती रहने के कारण लिया फैसला

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा में आगामी तीन दिनों तक पेयजल आपूर्ति कम दबाव के साथ की जाएगी। विभाग ने आने वाले दिनों में होने वाली बिजली कटौती को लेकर यह फैसला लिया है। मामले को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग राजाखेड़ा के सहायक अभियंता रामअवतार ने बताया कि सहायक अभियंता 132 केवी जी.एस.एस. आर.वी.पी.एन. मनिया के पत्र द्वारा विभाग को यह अवगत कराया गया है कि रीको मनियां लाइन पर एस/सी लाइन पर विद्युत कंडेक्टरों को बदलने का कार्य शनिवार 17 मई से सोमवार 19 मई तक किया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए राजाखेड़ा शहर की विद्युत आपूर्ति 17 मई शनिवार से 19 मई सोमवार तक



प्रत्येक दिन में लगभग 9 घंटे तक बंद रहेगी। इसके कारण शहरी जल योजना राजाखेड़ा पर जल उत्पादन कम होने के कारण रविवार 18 मई से मंगलवार 20 मई तक आंशिक रूप से कम दबाव के साथ पेयजल आपूर्ति की जाएगी। विभाग ने लोगों से अपील की है कि इस दौरान जल का समुचित उपयोग करते हुए व्यर्थ ना बहावें जिससे इस भीषण गर्मी में पेयजल संबंधी समस्या का सामना ना करना पड़े।

# उप–तहसील जारगा में रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता शुरु

### 20–25 टीमों के बीच होगा मुकाबला

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बसेड़ी।** उपखंड क्षेत्र उप-तहसील जारगा में शुक्रवार को चामुंडा क्लब जारगा की और से रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह में नगर पालिका बाड़ी अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया। वैटिंग कर प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत की। ग्रामीण खेल प्रतिभाओ को मंच देने की इस पहल की सराहना की। प्रतियोगिता संयोजक



बॉबी शर्मा एवं अनूपम शर्मा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में आसपास के गांव की करीब 20-25 टीम में भाग लेंगी। प्रतियोगिता की लीग मैच 12-12 ओवर के होंगे जबकि सेमीफाइनल 15-15 ओवर और फाइनल ओवर के खेले जाएंगे, विजेता टीम को 41 हजार रूपये नगद व शील्ड और उप विजेता को 21हजार रुपये नगद व शील्ड देकर सम्मानित किया जायेगा। समारोह में श्याम बिहारी गोयल, सत्यपाल परमार, छतर सिंह परमार, नायब तहसीलदार चरण सिंह, समाज सेवी अटलबिहारी गोयल, अमित शर्मा, कल्ला शर्मा, अजय शर्मा, भूदेव परमार, सोनू गोयल, धर्मा परमार, कल्ला परमार आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस आज, 17 मई से 16 जून तक होंगे जागरूकता कार्यक्रम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जा रहा। इस दौरान आज से लेकर आगामी 16 जून तक में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए एक माह तक जागरूकता कैम्पेन चलाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जा रहा है। वर्तमान में विश्व में असामयिक मृत्यु का एक कारण हृदय रोग व उच्च रक्तचाप भी है। स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप से होने वाली मृत्यु को काफी कम किया जा सकता हैं। उच्च रक्तचाप के बारे में आमजन को जारूगरूक करने के लिए सभी के लिए कार्डियोवास्कुलर हैल्थ फॉर एवरी वन थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 17 मई से 16 जून तक माह तक हाइपरटेंशन दिवस से संबंधित जागरूकता कैम्पेन चलाया जाएगा। इसके तहत कैम्प का आयोजन कर स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि कैम्पेन के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 जिलों को केन्द्र सरकार तथा पांच जिलों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सीएचसी के एनसीडी क्लिनिक पर एक माह तक विभिन्न गतिविधियां की जाएगी। इसके तहत साइकिल रैली, मैराथन जागरूकता रैली, वॉल पेंटिंग, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन पर जागरूकता कैम्प, क्विज, सेमीनार, स्लोगन लेखन, नुक्कड़ नाटक, ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता स्क्रीनिंग शिविर, ट्रेनिंग आदि का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के अनुसार नंबर दिए जाएंगे और इन्ही नंबरों के आधार पर राज्य व केन्द्र स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले जिलों का चयन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत ने मनाई पृथ्वीराज चौहान की जयंती

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत जिला अध्यक्ष धौलपुर रामप्रवेश सिंह परमार लहकपुर के नेतृत्व में दिल्ली सम्राट वीर शिरोमणि पृथ्वीराज चौहान की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह परमार ने संगठन कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की श्रीं राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत की इस समय देश भर में प्रचंड लहर है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान कृष्णा परमार सैंपऊ ने कहा की श्रीं राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत का जन्म ही पूर्वजों की जयंती मनाने के लिए हुआ है। प्रदेश सचिव प्रेम सिंह परमार टोटरी ने कहा की हमारे संगठन का लक्ष्य है आने वाली पीढ़ी को राजपूत समाज के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराना है। जिला अध्यक्ष धौलपुर रामप्रवेश सिंह परमार ने प्रदेश



अध्यक्ष कृष्णा परमार सैंपऊ के नेतृत्व में घर घर जाकर समाज को पूर्वजों की जयंती मनाने के लिए जागृत करेंगे। जिला संरक्षक धौलपुर हरेंद्र सिंह परमार ने कहा की राजपूत समाज का एकमात्र विकल्प वर्तमान समय में राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत है। जिला महासचिव धौलपुर नरेंद्र सिंह परमार ने बताया की हम सभी समाज बंधुओ को समाज के व्यापारी से ही समान खरीदना चाहिए। जिससे समाज आर्थिक रूप से मजबूत हो जिला मुख्य सलाहकार धौलपुर कृष्णकान्त सिंह परमार ने संगठन के राजपूत समाज हित के कार्य की प्रशंसा की ब्लॉक अध्यक्ष सैंपऊ देवेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा की हमें गर्व है राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत कार्यकर्ता होने पर ब्लॉक प्रचारक बसेड़ी राम परमार ने कहा की श्रीं राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत एक परिवार है। हम सभी इस परिवार के सदस्य हैं कार्यक्रम के दौरान जिला संयोजक धौलपुर गौलेश चौहान, ब्लॉक संयोजक सैंपऊ प्रदीप सिंह परमार, ब्लॉक संयोजक बाड़ी लोकेंद्र सिंह परमार, ब्लॉक सलाहकार सैंपऊ रामजीत सिंह परमार, ग्राम अध्यक्ष हरनाथ नगला बृजेश परमार एवं अन्य संगठन कार्यकर्ता रहे मौजूद।

# पेंशनर समाज उपशाखा बसेड़ी ने भूमि आवंटन के लिए सौंपा ज्ञापन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बसेड़ी।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा बसेड़ी के पदाधिकारियों ने उपशाखा बसेड़ी अध्यक्ष रामनरेश शर्मा के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पहुंच उपखंड अधिकारी बसेड़ी के नाम ज्ञापन देकर ब्लॉक स्तर पर पेंशनर्स भवन के लिए भूमि आवंटन किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेश स्तरीय प्रांतीय अधिवेशन में अपने उद्बोधन में प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर पेंशनर समाज हेतु पेंशनर्स भवन बनाने की घोषणा करते हुए राजस्थान सरकार को निर्देशित किया गया था इस तथ्य को मद्देनजर रखते हुए पुराने तहसील परिसर में 150 वर्गगज का भूखंड आवंटित किया जाए या पूर्व में बसेड़ी प्रथम के नाम से जो विद्यालय था वो वर्तमान में हायर सैकेंडरी विद्यालय बसेड़ी में समायोजित हो चुका है जिसके चलते विद्यालय का भवन खाली पड़ा हुआ है अगर उस भवन को भी पेंशनर्स भवन के लिए आवंटित किया जाता है तो पेंशनर समाज उपशाखा बसेड़ी के हित में होगा। इस दौरान रामनरेश शर्मा, प्रेमसिंह परमार, अमर सिंह परमार, कैलाश चंद अग्रवाल, दामोदर पाराशर, बिजेंद्र सिकरवार, घमंडी लाल, मोहर सिंह परमार, कृष्ण मुरारी मंगल, छोटेलाल, ब्रजकिशोर शर्मा, भगवान स्वरूप कौशिक, रोशनलाल शर्मा, शिवकुमार शर्मा मौजूद रहे।

# लक्ष्य कान्वेंट स्कूल में मनाया मदर्स डे



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** लक्ष्य आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाहर नगर कॉलोनी धौलपुर में मदर्स डे का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार अग्रवाल संस्था निदेशक नीरज कांकोलिया एवं व्यवस्थापक राकेश कुमार के सानिध्य में मदर्स डे मां का दिन बड़े ही जोर शोर के साथ मनाया गया। इस उपरांत नन्हे मुन्ने छात्र छात्राओं ने अपनी मां के साथ तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है प्यारी प्यारी है ओ मां एवं तेरी उंगली पकड़ के चला आदि गानों पर जोरदार डांस किया और विद्यार्थियों की माताओं ने भी अपने बच्चों के साथ जोरदार ठुमके लगाए इस उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य अग्रवाल ने बताया कि मदर्स डे मां का दिन एक विशेष दिन होता है जब हम अपनी मां के प्रति अपना प्यार सम्मान और आभार प्रकट करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी माताओं को स्वयं के द्वारा बनाया हुआ गिफ्ट दिया। कार्यक्रम के समापन होने पर विद्यालय परिवार के द्वारा सभी अभिभावक बंधुओं एवं माताओं का आभार व्यक्त किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी एवं व्यवस्थापक राकेश कुमार एवं गुंजन कांकोलिया के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर पंकज प्रकाश त्यागी, आशीष मुदगल, मीडिया प्रभारी सुखदेव कांकौलिया, संतोष परिहार, धनेश शर्मा, रमा अग्रवाल, कलावती कुशवाह, आयुषी बंसल, प्रियंका यादव, गौरी बंसल राखी मंतसा खान, जाकिर सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# राउमावि भारली के शारीरिक शिक्षक को सेवानिवृति से पूर्व दी विदाई

**बसेड़ी।** बसेड़ी उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भारली के शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश गर्ग दिनकटा वालो को ग्रीष्मकालीन अवकाश होने के चलते सेवानिवृत्ति से 15 दिन पूर्व पर गुरुवार को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान सह विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। गर्ग ने कार्यग्रहण से लेकर सेवानिवृति तक भारली विद्यालय में की 32 वर्ष से अधिक की सेवा पूर्ण की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य उमेश चंद गोयल द्वारा की गई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत उपनिदेशक मुकेश कुमार गर्ग धौलपुर रहे। सेवानिवृति से पूर्व हुए विदाई समारोह के अवसर पर शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश गर्ग को बैंड बाजों द्वारा विद्यालय से भारली गांव होते हुए बसेड़ी पहुंचाया गया जहां से पुराने थाने के सामने माता मंदिर से अग्रवाल धर्मशाला, मुख्य चौराहा, हवेली थोक होते हुए चच्चू कॉलोनी निवास तक जाकर विदाई दी गई। इस दौरान मौजूद शिक्षक शिक्षिकाओं व गणमान्य लोगों ने माला साफा पहना कर व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश गर्ग ने विद्यालय से लगाव के चलते 21 कुर्सी मेज सेट, डाइस व विद्यालय के लिए ऑटोमेटिक वेल देने की घोषणा की गई। मुख्यातिथि रिटायर्ड उपनिदेशक मुकेश कुमार गर्ग ने कहा कि नौकरी में एक तय समय सीमा के अंदर सेवानिवृत्त होना सुनिश्चित है। ओमप्रकाश गर्ग का कार्यकाल 31 मई को पूर्ण हो रहा है गर्ग ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा को एक नई ऊंचाई दी है। बच्चों के प्रति उनका लगाव समय पालन तथा अनुशासन के साथ-साथ शिक्षण व्यवस्था में इनके द्वारा किए गए सुधार को भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे अनुभवी योग्य शिक्षक से शिक्षा जगत और समाज दोनों में एक बेहतर संदेश जाता है। प्रधानाचार्य उमेश चंद गोयल ने कहा कि सेवा काल के कुशल व्यवहार व शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने में ओमप्रकाश गर्ग के योगदान को कदापि भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान मई, भारली, बागथर सहित बसेड़ी कस्बे के सर्वसमाज के गणमान्य नागरिको ने कार्यकुशलता की सराहना करते हुए भव्य स्वागत कर नम आंखों से विदाई दी।



# एसीपी, स्थायीकरण, वीआरएस प्रकरण तय समय में निस्तारित करने होंगे

**धौलपुर।** शिक्षकों के विभागीय कार्य अब तय समय सीमा में पूरे होंगे। डिपार्टमेंटल सर्विसेज मॉड्यूल में किए गए आवेदनों पर कार्रवाई की समय-सीमा तय कर दी गई है। इससे शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज मीना ने यह जानकारी दी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने सभी शिक्षा अधिकारियों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। जिलाध्यक्ष मनोज मीना ने बताया कि शाला दर्पण पर संचालित डिपार्टमेंटल सर्विसेज मॉड्यूल में संशोधन कर फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर प्रकरणों के निस्तारण की व्यवस्था की गई है। कार्यालय लॉगिन पर एसीपी, स्थाईकरण, विदेश यात्रा अनुमति और परीक्षा अनुज्ञा जैसे प्रकरणों की मॉनिटरिंग के लिए डैशबोर्ड शुरू किया गया है। इससे कार्यालयाध्यक्ष प्रकरणों की वर्तमान स्थिति देख सकते हैं। विभाग ने पाया कि कुछ प्रकरण तय समय में निपटाए नहीं जा रहे हैं। इस पर अब स्पष्ट समय-सीमा तय की गई है। एसीपी प्रकरणों में संस्था प्रधान को 5 दिन, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को 7 दिन और नियुक्ति अधिकारी कार्यालय को 21 दिन में निस्तारण करना होगा। स्थाईकरण, विदेश यात्रा अनुमति, परीक्षा अनुज्ञा और पीएचडी अनुज्ञा प्रकरणों में संस्था प्रधान को 5 दिन, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को 7 दिन और नियुक्ति अधिकारी को 10 दिन में कार्रवाई करनी होगी। वीआरएस और मृत्यु है होने पर सेवा समाप्ति के मामलों में संस्था प्रधान को 1 दिन, ब्लॉकड शिक्षा अधिकारी को 5 दिन और र नियुक्ति अधिकारी कार्यालय को 5 के दिन में निस्तारण करना होगा।

# मासिक धर्म स्वच्छता हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**धौलपुर।** जगन संकल्प इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा खनपुरा गांव में महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य था महिलाओं को महावरी से जुड़ी भ्रांतियों से मुक्त करना और उन्हें स्वच्छता के महत्व को समझाना। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को रीयूजेबल सैनिटरी पैड्स भी वितरित किए गए ताकि वे एक स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवनशैली अपना सकें।



# संपादकीय

## पाकिस्तान से तनाव के बीच बीएसएफ जवान की वापसी, भारत की कूटनीतिक प्रयास से मिली कामयाबी



भारत और पाकिस्तान के बीच किसी गलती से जवानों के सीमा पार कर जाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अगर युद्ध या तनाव की स्थिति न हो तो रिहाई में ज्यादा मुश्किल नहीं होती है। भारत के सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ के एक जवान को पाकिस्तान ने लौटा दिया है और स्वाभाविक ही इसे भारत की एक और कूटनीतिक कामयाबी माना जा रहा है। गौरतलब है कि भारत के बीएसएफ के जवान पूर्णम साव तेईस अप्रैल को गलती से पाकिस्तानी सीमा में दाखिल हो गए थे और वहां उन्हें पकड़ लिया गया था। सीमा पार किन्हीं हालात में अगर अन्य देश के जवान को पकड़ लिया जाता है तो उसके जीवन तक को लेकर आशंकाएं पैदा हो जाती हैं। यही वजह है कि पूर्णम साव की वापसी को लेकर उनके परिवार सहित देश के लोगों की चिंताएं गहरा रही थीं। इस बीच भारत और पाकिस्तान के बीच किस स्तर का टकराव हुआ, यह दुनिया ने देखा। लेकिन अब बुधवार को जब पूर्णम साव की पाकिस्तान से रिहाई की खबर आई, तो निश्चित तौर पर यह उनके परिवार वालों के साथ-साथ समूचे देश के लोगों के लिए राहत की बात थी। दोनों देशों के डीजीएमओ स्तर पर हुई बातचीत के नतीजे में बीस दिनों के बाद पूर्णम शा को छोड़ा गया। दरअसल, जिन परिस्थितियों में बीएसएफ के जवान गलती से पाकिस्तानी सीमा में दाखिल हो गए थे, वे इतनी ज्यादा संवेदनशील थीं कि उनके कारण दोनों देशों के बीच संघर्ष की नौबत आई। पहलगाम में आतंकी हमले में छब्बीस लोगों के मारे जाने के बाद भारत के पास एक तरह से जवाबी कार्रवाई करना अंतिम विकल्प था। इस टकराव की तीव्रता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इसे दोनों देशों के बीच पूर्ण संघर्ष के तौर पर भी देखा गया। ऐसे में अगर बीएसएफ जवान की सुरक्षा और जान को लेकर भारत में चिंता गहरा रही थी, तो यह लाजिमी था। यों भी पाकिस्तान के अतीत और उसकी प्रकृति अक्सर उसके विवेक आधारित फैसले नहीं लेने के ही सूचक रहे हैं। हालांकि इस बीच उम्मीद जरूर की जा रही थी कि तमाम विपरीत हालात के बावजूद भारत के लगातार कूटनीतिक प्रयासों से जवान की वापसी सुनिश्चित हो सकेगी। मगर जब दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम की घोषणा हुई तब यह उम्मीद और मजबूत हुई कि अब शायद माहौल शांत होने के बाद इस मसले पर कूटनीतिक बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच किसी गलती से जवानों के सीमा पार कर जाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अगर युद्ध या तनाव की स्थिति न हो तो रिहाई में ज्यादा मुश्किल नहीं होती है। मगर पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर जिस तरह का हमला किया था, उसे एक तरह से सीधा संघर्ष मान लिया गया था। पाकिस्तान पहले ही अवांछित गतिविधियों के अंजाम देने से लेकर आतंकवादियों को शह और समर्थन देकर भारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता रहा है। ऐसे में वहां पकड़ लिए गए बीएसएफ जवान के प्रति उसके व्यवहार या रिहाई को लेकर आशंका बनी हुई थी, क्योंकि इसके लिए शुरू होने वाली प्रक्रिया काफी संवेदनशील और जटिल होती है। अंतरराष्ट्रीय कानून और सैन्य संधियों के तहत अगर कोई जवान गलती से सीमा पार कर जाता है तो उसके खिलाफ ज्यादा गंभीर कार्रवाई नहीं की जाती। हालांकि यह दोनों देशों के बीच संवाद और समझौते पर निर्भर करता है। इस लिहाज से देखें तो बीते कुछ दिनों के दौरान तेजी से बदलते घटनाक्रम में जवान की रिहाई के लिए भारत ने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए थे और आखिर इसमें कामयाबी मिली।

# जीवन का आधार है संबंध, इसी से हमारे कर्म का होता है निर्धारण

'इन दिनों सोशल मीडिया पर संबंधों पर खूब बातें होती हैं। उसे बनाने, चलाने और बढ़ाने पर चर्चा, बहस मुबाहिसा आदि चलते ही रहते हैं। सुबह से लेकर देर रात तक बड़ी-बड़ी सारगर्भित उक्तियां लिखी, कही और कहीं से उठा के कहीं लगा ली जाती है। बहुत सारे लोग सुबह, दोपहर, शाम तीनों वक्त अपने मित्रों और इष्टजनों को शुभवचन, मंगलकानाएं आदि भेजते रहते हैं। किसी को याद करना, उनके हर दिन को स्मरणीय बनाने की कोशिश करना एक अच्छी बात है। पर अफसोस की बात यह होती है कि ऐसी बातें ज्यादातर इन्हीं खानों तक सीमित रह जाती हैं।'

मनुष्य का संबंध सिर्फ मनुष्य से ही नहीं होता, बल्कि स्वयं से, विचारों, वातावरण, प्रकृति, जीव-जंतु आदि से जुड़ना भी संबंध ही है। न सबके साथ अपने रिश्तों को समझ कर ही व्यक्ति जीवन को भली-भांति समझ सकता है। उसके व्यक्तित्व का विस्तार तथा जीवन की पूर्णता का रहस्य इसी में समाहित है। इन दिनों सोशल मीडिया पर संबंधों पर खूब बातें होती हैं। उसे बनाने, चलाने और बढ़ाने पर चर्चा, बहस मुबाहिसा आदि चलते ही रहते हैं। सुबह से लेकर देर रात तक बड़ी-बड़ी सारगर्भित उक्तियां लिखी, कही और कहीं से उठा के कहीं लगा ली जाती है। बहुत सारे लोग सुबह, दोपहर, शाम तीनों वक्त अपने मित्रों और इष्टजनों को शुभवचन, मंगलकानाएं आदि भेजते रहते हैं। किसी को याद करना, उनके हर दिन को स्मरणीय बनाने की कोशिश करना एक अच्छी बात है। पर अफसोस की बात यह होती है कि ऐसी बातें ज्यादातर इन्हीं खानों तक सीमित रह जाती हैं। महत्त्वपूर्ण यह भी कि इन्हें कहने और सुनने वाले अधिकांश लोगों का लगभग सारा समय उनके हाथों की परिधि में समाए 'डिजिटल स्लेटों' की गुत्थियों को सुलझाने-उलझाने में ही बीत जाती है। संबंधों की दुहाई देते ये लोग दूर के रिश्तेदारों की कौन कहे, अपने परिजनों, यहां तक कि माता-पिता के साथ भी सही तरीके से रिश्तों का निर्वहन नहीं कर पाते। संबंधों के निर्माण और निबाह की अधिकांश बातें इंस्टाग्राम, वाट्सएप और फेसबुक आदि से शुरू होकर वहीं खत्म भी हो जाती हैं। संबंध ही हमारे जीवन और सामाजिक जीवन का आधार है। उसका विकास और विस्तार समाज के निर्माण की बुनियाद है। महान राजनीतिक विचारक अरस्तू कहते हैं, 'मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज से बाहर रहने वाला या तो पशु है या देवता।' मनुष्य अलग-थलग नहीं रह सकता। समाज में ही उसका विकास होता है। गौरतलब है कि समाज के निर्माण का आधार लोगों के बीच का परस्पर संबंध है। आपसी संबंध और समाज एक दूसरे के पर्यायवाची हैं। एक के बिना दूसरा अस्तित्वहीन है। हमारे जीवन का आधार संबंध है और इसी से हमारे कर्म भी निर्धारित होते हैं। यानी संबंधों का ताना-बाना ही मनुष्य को कुछ करने या कुछ बनने के लिए उत्प्रेरित करता है। हम अपनी जरूरतों की पूर्ति और घर-परिवार, गांव, देश और समाज के लिए अपनी उपादेयता सिद्ध करने के लिए कर्म से जुड़ते हैं। कहा जा सकता है कि जीवन संबंध है और संबंध ही कर्म। संबंध का क्षेत्र अत्यंत विस्तृत है। मनुष्य का संबंध सिर्फ मनुष्य से ही नहीं होता, बल्कि स्वयं से, विचारों, वातावरण, प्रकृति, जीव-जंतु आदि से जुड़ना भी संबंध ही है। इन सबके साथ अपने रिश्तों को समझ कर ही व्यक्ति जीवन को भली-भांति समझ सकता है। उसके व्यक्तित्व का विस्तार तथा जीवन की पूर्णता का रहस्य इसी में समाहित है। यह एक अजीब बात है कि हममें से दुनिया के ज्यादातर हिस्से से नाता जोड़ते और सामंजस्य स्थापित करते-करते स्वयं की क्षमताओं, मन की गति, सोच आदि से ही अनभिज्ञ होते जाते हैं। उनकी सारी उम्र इसी अनभिज्ञता में बीत जाती है। वास्तव में जीवन के सहज और संतोषप्रद प्रवाह के लिए आत्म साक्षात्कार सबसे पहली जरूरत है। स्वयं को जानना, मन की गति को समझना, उससे जुड़ना और उसी दिशा में कर्मरत होना मनुष्य और समाज के बेहतर संबंधों के लिए जरूरी है। जो व्यक्ति स्वयं को नहीं पहचानता, अपनी जरूरतों, खुशियों के लिए पहल नहीं करता या उसे महत्त्व नहीं देता, वह समाज से भी सकारात्मक जुड़ाव स्थापित नहीं कर पाता। बिना संबंध के मनुष्य या किसी भी जीव मात्र का होना असंभव है। हमारे होने का मतलब ही संबंधित होना है। सूर्य, चांद, धरा, पर्वत, नदी, वृक्ष, जल, थल, नभ, जीव सहित प्रकृति का हर जर्रा एक दूजे के साथ स्थापित संबंधों पर ही टिके हैं। सच यह है कि सृष्टि का चक्र इसी के बदौलत चलायमान है। हमारे द्वारा संबंधों की इन गुत्थियों को समझ नहीं पाना संघर्ष और विवाद का कारण बनता है। बहुत सारे लोग संबंधों को जीते नहीं है, बल्कि आवश्यकतानुसार उसका उपयोग करते हैं। जन्म से मिले संबंधों के अलावा (अक्सर उसमें भी) अधिकांश में उसकी लाभप्रदता और महत्त्व की तलाश करते हैं। व्यक्ति की स्वार्थपरकता उसे ऐसा करने को विवश करती है। अपने वृद्ध माता-पिता और परिजनों को वृद्धाश्रम में रखना, संपत्ति के लिए परिवारजनों, मित्रों से विश्वासघात, छोटी-छोटी बातों को लेकर रिश्ते तोड़ना, अपने फायदे के लिए किसी भी हद तक जाना आदि स्वार्थपरकता की पराकाष्ठा है। गौरतलब है कि स्वार्थपरता और संबंध एक दूसरे के धुर विरोधी हैं। दोनों का साथ चलना असंभव है। अगर हम मानव जीवन की गहन पड़ताल करें तो पाएंगे कि वह अलग-अलग समय में अलगाव की विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरता है। वह ज्यादातर उन्हीं संबंधों को तरजीह देता है, जिनसे उसका हित जुड़ा होता है और हितों की समाप्ति के साथ ही उनसे छुटकारा पा लेता है या पाने की कोशिश करता है। यह स्थिति संबंध के मर्म पर आघात है। वास्तव में संबंधों को समझना जीवन को समझने के समान है। यह मनुष्यता का द्योतक है। जिसने भी इसकी गूढ़ता और महत्त्व को समझा है, वही सफल इंसान बन पाया है। विडंबना यह है कि आज के समाज में सफलता की जो परिभाषा तय की गई है, उसका अंधानुकरण किया जा रहा है, उसे प्राप्त करने के क्रम में संबंधों को दरकिनार कर दिया जाता है। सवाल है कि अगर हम सफलता की ऊंचाई पर पहुंच जाते हैं, लेकिन उस सफलता पर उल्लसित होने वाला हमारा कोई करीबी या संबंधी हमारे आसपास नहीं होता, तो उसकी क्या कीमत होगी।



# भारत को विकसित बनाने वाली मुद्रा योजना, उपलब्धियों पर हमें गर्व करना चाहिए

विकसित भारत के हमारे सपने को साकार करने में मुद्रा सर्वथा उपयुक्त पहल है क्योंकि यह जनसांख्यिकीय स्थिति का लाभ उठाने की दिशा में शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूरदराज के स्थानों में भी सदैव आकांक्षी वर्ग की उद्यमशीलता की क्षमता को सक्रिय करती है और उत्पादन के दो महत्वपूर्ण कारकों-विनिर्माण और कृषि/संबद्ध गतिविधियों को मजबूत करती है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भारतीय अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ हैं। ये व्यवसाय मुख्य रूप से अपंजीकृत संगठनों के रूप में कार्य करते हुए भारत के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। 2024-25 में भारत के कुल निर्यात में उनका योगदान 45.79 प्रतिशत रहा। एमएसएमई को ऋण उपलब्ध कराना हमारी वित्तीय प्रणाली के लिए एक चुनौती रही है, लेकिन हाल के समय में बैंकों द्वारा भारत की नवीन प्रौद्योगिकी को पूरी तरह आत्मसात कर लिया गया है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना यानी पीएमएमवाइ उद्यमशीलता और स्वरोजगार को गति देकर व्यापक परिवर्तन लाने में सफल रही है। पीएमएमवाइ के अधिकांश लाभार्थी सामान्य शुरुआत कर पहली पीढ़ी के व्यवसायी बने हैं। वित्त वर्ष 2015-16 से आरंभ पीएमएमवाइ एक युगांतकारी अग्रणी कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य वित्त विहीन सूक्ष्म उद्यमों और छोटे व्यवसायों को वित्त उपलब्ध कराना है। प्रारंभ में इस योजना का लक्ष्य विनिर्माण, व्यापार और सेवा क्षेत्रक सहित गैर-कृषि क्षेत्र था। बाद में इसके अंतर्गत कृषि गतिविधियों को भी शामिल कर लिया गया। पीएमएमवाइ के तहत कुल ऋण भुगतान वित्त वर्ष




2016 में 1.37 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2025 में फरवरी के अंत तक 4.8 लाख करोड़ रुपये हो गया। औसत ऋण राशि जो 2016 में 38,100 रुपये थी, वह 2025 में बढ़कर 1,02,870 रुपये हो गई। इस दौरान लगभग सभी बैंकों में औसत ऋण राशि में वृद्धि देखी गई। पीएमएमवाइ की कुछ प्रमुख विशेषताएं इसे पिछली ऐसी योजनाओं से अलग करती हैं। पीएमएमवाइ को जोखिम मुक्त रखने की कोशिश की गई है, ताकि ऋण प्रवाह निरंतर सुनिश्चित हो। पीएमएमवाइ में सिक्योरिटी/जमानत आधारित ऋण के बजाय नकदी प्रवाह आधारित ऋण देने पर जोर दिया गया है। अब ऋण लेने वाले उद्यम मित्र पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत लगभग 52 करोड़ मुद्रा ऋणों में 33.19 लाख करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। पीएमएमवाइ का सामाजिक प्रभाव भी बहुत गहरा है। इसे सामाजिक समूहों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों पर इसके प्रभाव से समझा जा सकता है। सामाजिक समूहों के संदर्भ में पीएमएमवाइ ने कमजोर वर्गों को चरणबद्ध तरीके से ऋण प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसमें एससी-एसटी और ओबीसी जैसी उपश्रेणियों की हिस्सेदारी लगातार बढ़ी है, जो लाभार्थियों का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा (52 करोड़ में से 26 करोड़ रुपये) हैं। महिलाएं भी पीएमएमवाइ का अभिन्न हिस्सा हैं। कुल खातों का लगभग 69 प्रतिशत महिला लाभार्थियों का है। पीएमएमवाइ ने समावेशन के मामले में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। अल्पसंख्यक समुदायों के लाभार्थियों द्वारा 5.70 करोड़ मुद्रा ऋणों का लाभ उठाना इसका उदाहरण है। मुद्रा इकोसिस्टम के साथ जुड़ाव समग्र रूप से बैंक और उसके कार्यबल के लिए एक उत्साहवर्धक अनुभव रहा है। भारतीय बैंकर के रूप में एसबीआई नेक और न्यायपूर्ण उद्देश्यों को पूरा करने में सदैव सबसे आगे रहा है। हम लाखों सूक्ष्म और लघु उद्यमियों, विशेष रूप से नए आवेदकों को अपनी वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए अथक प्रयास करते हैं। हमारी शाखाओं के साथ-साथ हम अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे की उपलब्धता यथासमय सुनिश्चित करते हैं, जिससे बैंक रहित या अल्प-बैंकिंग सुविधा वाले लोगों की जरूरतों और आशाओं के अनुरूप सरलता से समयबद्ध ऋण वितरण किया जाता है। बैंक ने 1.72 करोड़ से अधिक मुद्रा ऋणों का वित्तपोषण किया है, जिसमें तीन लाख करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई। इससे देश के आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक गतिशील व्यवसाय अनुकूल इकोसिस्टम बना है। अभी, यह केवल एक शुरुआत मात्र है। डिजिटलीकरण और मुद्रा ऋणों की लोन प्रोसेसिंग और उसकी मंजूरी को सुव्यवस्थित करने पर ध्यान केंद्रित करने के कारण हम इसमें अधिकाधिक योगदान देने में सक्षम हुए हैं। एसबीआई ने जनसमर्थ प्लेटफार्म के माध्यम से 10 लाख तक के ऋण के लिए एक डिजिटल ऋण निर्णय माडल मुद्रा-बीआरई शुरु किया है। यह पहल मानवीय हस्तक्षेप को कम करती है और त्वरित ऋण मंजूरी सुनिश्चित करती है। जैसे-जैसे महत्वाकांक्षी इकाइयां तेजी से विकास करती हैं, वैसे-वैसे हमारे बैंक की उपस्थिति एवं निगमित ऋण से जुड़ाव उन्हें सहयोग प्रदान करता है। नए बाजारों में पैठ बनाने/सही तकनीक आत्मसात करने एवं मूल्यवान संसाधनों की बचत के साथ उपयुक्त भागीदारों के साथ जुड़ने की इच्छुक इकाइयों के लिए हमारी कागज रहित ऋण वितरण प्रणाली में असीम संभावनाएं हैं। विकसित भारत के हमारे सपने को साकार करने में मुद्रा सर्वथा उपयुक्त पहल है, क्योंकि यह जनसांख्यिकीय स्थिति का लाभ उठाने की दिशा में शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूरदराज के स्थानों में भी सदैव आकांक्षी वर्ग की उद्यमशीलता की क्षमता को सक्रिय करती है और उत्पादन के दो महत्वपूर्ण कारकों-विनिर्माण और कृषि/संबद्ध गतिविधियों को मजबूत करती है। जब यह योजना अपने अतुल्य प्रभाव के 10 वर्ष पूरे कर रही है, तब हमें इसकी व्यापक उपलब्धियों पर गर्व की अनुभूति होती है।

# सवालों से घिरा सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रपति को कई सवाल पूछने पड़ रहे

न्यायिक सक्रियता अच्छी बात है, लेकिन जब वह अति सक्रियता में बदल जाए और इस क्रम में संविधान की अनदेखी कर अपनी सीमा का अतिक्रमण करता दिखने लगे तो फिर उससे सवाल किए ही जाने चाहिए। यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सुप्रीम कोर्ट से अन्य प्रश्नों के साथ यह पूछतीं कि जब संविधान में विधेयकों की मंजूरी के लिए समय सीमा का प्रविधान नहीं है तो फिर वह यह काम कैसे कर सकता है?

सुप्रीम कोर्ट को संविधान की व्याख्या का अधिकार है लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि वह संविधान को नए सिरे से लिखता हुआ दिखने लगे। यह पहली बार नहीं है जब उसने न्यायिक सक्रियता की अति की हो। उसने कृषि कानूनों की परख किए बिना ही उन पर रोक लगाकर भी ऐसा ही किया था। न्यायिक सक्रियता अच्छी बात है, लेकिन जब वह अति सक्रियता में बदल जाए और इस क्रम में संविधान की अनदेखी कर अपनी सीमा का अतिक्रमण करता दिखने लगे तो फिर उससे सवाल किए ही जाने चाहिए। यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सुप्रीम कोर्ट से अन्य प्रश्नों के साथ यह पूछतीं कि जब संविधान में विधेयकों की मंजूरी के लिए समय सीमा का प्रविधान नहीं है तो फिर वह यह काम कैसे कर सकता है? राष्ट्रपति को ऐसे कई सवाल इसलिए पूछने पड़ रहे हैं, क्योंकि कुछ समय पहले सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु मामले में अपने निर्णय में वहां के राज्यपाल को आदेशित किया था कि उन्हें विधानसभा से पारित विधेयकों पर तय समय में फैसला लेना होगा। उसने यह भी कहा था कि राज्यपाल की ओर से भेजे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा और



यदि तय समय सीमा में फैसला नहीं लिया जाता तो राष्ट्रपति को राज्य को इसका कारण बताना होगा। वह यहीं नहीं रुका था, उसने ऐसे किसी विषय पर राष्ट्रपति को खुद से सलाह लेने को भी कह दिया था। ऐसा आदेश देकर सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से राज्यपाल और राष्ट्रपति की संवैधानिक शक्तियों में बदलाव कर दिया था। किसी के लिए समझना कठिन था कि ऐसा किस अधिकार से किया गया? इससे भी विचित्र बात यह हुई थी कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल के पास विचारार्थ तमिलनाडु के विधेयकों को खुद मंजूरी देकर उनके कानून बनने का रास्ता साफ कर दिया था। ऐसा इसके पहले कभी नहीं हुआ। उसने एक तरह से राज्यपाल और राष्ट्रपति, दोनों की शक्तियों को अपने हाथ ले लिया था। इसी कारण इस फैसले पर सवाल उठे थे और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तो सुप्रीम कोर्ट को निशाने पर लेते हुए तीखी टिप्पणी थी। सुप्रीम कोर्ट के उक्त विवादित और हैरान करने वाले फैसले पर इसलिए और भी सवाल उठे थे, क्योंकि वह फैसला दो न्यायाधीशों की पीठ ने दिया था, किसी संविधान पीठ ने नहीं। यह न्यायिक सीमा का अतिक्रमण नहीं तो और क्या था? इससे इन्कार नहीं कि राज्यपाल कई बार विधानसभा से पारित विधेयकों पर कोई फैसला नहीं लेते और महीनों उन्हें दबाए बैठे रहते हैं। इस समस्या का समाधान निकाला ही जाना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर सुप्रीम कोर्ट ऐसा निर्णय कैसे दे सकता है, जो संविधानसम्मत न हो। सुप्रीम कोर्ट को संविधान की व्याख्या का अधिकार है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि वह संविधान को नए सिरे से लिखता हुआ दिखने लगे। यह पहली बार नहीं है, जब उसने न्यायिक सक्रियता की अति की हो। उसने कृषि कानूनों की परख किए बिना ही उन पर रोक लगाकर भी ऐसा ही किया था।

# कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में मंत्री के बेलगाम बोल, बयान से देशवासियों को उठानी पड़ी शर्मिंदगी

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत के 'आपरेशन सिंदूर' की कामयाबी पर जहां पूरा देश गौरवान्वित है, वहीं मध्य प्रदेश सरकार के एक मंत्री विजय शाह की बदजुबानी से सभी देशवासियों को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। सार्वजनिक मंच पर कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में मंत्री ने जिस तरह की बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की, उससे भारत की सौहार्द और धर्मनिरपेक्षता की भावना को ठेस पहुंची है। स्वाभाविक ही सभी ने इसकी भर्त्सना की।

एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति की अशोभनीय और आपत्तिजनक भाषा का समर्थन देश के प्रति सम्मान रखने वाला कोई भी व्यक्ति नहीं करेगा। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत के 'आपरेशन सिंदूर' की कामयाबी पर जहां पूरा देश गौरवान्वित है, वहीं मध्य प्रदेश सरकार के एक मंत्री विजय शाह की बदजुबानी से सभी देशवासियों को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। सार्वजनिक मंच पर कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में मंत्री ने जिस तरह की बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की, उससे भारत की सौहार्द और धर्मनिरपेक्षता की भावना को ठेस पहुंची है। स्वाभाविक ही सभी ने इसकी भर्त्सना की। इस मामले की गंभीरता का अंदाजा मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणियों और मंत्री के खिलाफ बिना देर किए प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश से लगाया जा सकता है। इस मामले में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने साफ शब्दों में कहा कि मंत्री का बयान न केवल व्यक्तिगत मानहानि है, बल्कि समाज के ताने-बाने पर भी चोट करता है। इसके अलावा, जब एक न्यायाधीश को कानूनी कार्रवाई शुरू करने के लिए यह कहना पड़े कि 'हो सकता है कि कल मैं जीवित न रहूंज चार घंटे में आदेश का पालन हो' तो इससे व्यवस्था की जटिलता और उदासीनता का पता चलता है। विडंबना यह है कि अदालत के इस तरह के रुख के बावजूद आरोप को स्पष्टता के साथ दर्ज करने में लापरवाही बरती गई। सवाल उठता है कि जिस बेहद संवेदनशील समय में भारत ने पाकिस्तानी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भी बेहद संयमित और नपा-तुला रुख अपनाया, उससे हासिल गरिमा को कायम रखने के बजाय उसे बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्ति को कैसे देखा जाना चाहिए। मंत्री ने महिला सैन्य अधिकारी की गरिमा को ही ठेस नहीं पहुंचाई, बल्कि सेना की प्रतिष्ठा को भी धूमिल करने की कोशिश की। मामले के तूल पकड़ने के बाद भले ही मंत्री ने सफाई दी, लेकिन ऐसे बयानों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति की अशोभनीय और आपत्तिजनक भाषा का समर्थन देश के प्रति सम्मान रखने वाला कोई भी व्यक्ति नहीं करेगा। जरूरत इस तरह की बदजुबानी और बेलगाम बयानबाजी पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए ठोस और नीतिगत पहल करने की है, ताकि देश के संविधान के मर्म और सौहार्द को कोई नुकसान न पहुंचे।





# बार्सिलोना ने 28वीं बार जीता ला-लीगा, एस्पान्योल को 2-0 से हराया

## दो मैच शेष रहते बना चैंपियन, 17 साल के यामल ने गोल दागा



**नई दिल्ली।** बार्सिलोना ने गुरुवार को एस्पान्योल को 2-0 से हराकर अपना 28वां स्पेनिश लीग खिताब जीत लिया। 17 साल के लामिने यामल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को यह ऐतिहासिक जीत दिलाई। बार्सिलोना लीग के दो मैच बाकी रहते हुए ही खिताब अपने नाम कर लिया है।

स्पेनिश लीग में सबसे ज्यादा पॉइंट स्कोर करने वाली टीम खिताब जीतती है। बार्सिलोना के 36 मैच के बाद 85 पॉइंट हैं। वह पॉइंट टेबल में टॉप पर है। जबकि रियल मैड्रिड 36 मैचों के बाद 78 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर है।

स्पेनिश लीग में 20 टीमें खेल रही है। प्रत्येक टीम को एक-दूसरे से दो-दो मैच खेलने हैं। एक मैच अपने होम ग्राउंड पर और दूसरा बाहर, यानी प्रत्येक टीम को 38 मैच लीग में खेलने हैं। सभी 20 टीमों ने 36-36 मैच खेल लिए हैं और लीग में सभी के दो-दो मैच बाकी है।

यामल ने टीम के लिए किया पहला गोल मैच के 53वें मिनट में यामल ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। उन्होंने एस्पान्योल के दो डिफेंडरों को चकमा देते हुए गेंद को गोल पोस्ट में मार दिया।

मैच के 80वें मिनट में एस्पान्योल के लिएंड्रो काबरेरा को लाल कार्ड दिखाया गया, जिसकी वजह से टीम को मैच समाप्त होने तक 10 खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा। काबरेरा को लाल कार्ड इसलिए दिया गया क्योंकि बॉल छीनने के दौरान उन्होंने यामल के पेट में मार दिया।

फर्मिन लोपेज ने इंजरी टाइम में बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया फर्मिन लोपेज के गोल ने बार्सिलोना को जीत दिलाई। इंजरी टाइम में लोपेज ने 96 मिनट पर गोल करके टीम को 2-0 से बढ़त दिला दी।

# पाटीदार ने माना कप्तानी सौंपे जाने के कारण वह दबाव महसूस कर रहे थे



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम की अगुआई कर रहे रजत पाटीदार 2022 सत्र को लेकर काफी निराश थे जब आश्वासन के बावजूद फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों की नीलामी में उन्हें नजरअंदाज कर दिया था। टीम में चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर शामिल हुए पाटीदार ने कहा कि वह तब दुखी और गुस्से में थे। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद ही एक पॉडकास्ट में किया है। पाटीदार ने यह भी स्वीकार किया कि आईपीएल 2025 से पहले विराट कोहली द्वारा कप्तानी सौंपे जाने के कारण वह दबाव महसूस कर रहे थे, लेकिन इस दिग्गज खिलाड़ी के समर्थन भरे शब्दों ने उन्हें सहज कर दिया। पाटीदार इस सत्र में आरसीबी के मध्यक्रम के मुख्य खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने 11 मैचों में 239 रन बनाए हैं। उनका लक्ष्य टीम को आईपीएल का पहला खिताब दिलाना है।

पाटीदार ने आरसीबी पॉडकास्ट पर कहा, मुझे आईपीएल 2022 के लिए मेगा नीलामी से पहले एक संदेश मिला था कि आप तैयार रहें, हम आपको चुनेंगे। मुझे थोड़ी उम्मीद थी कि मुझे एक और मौका मिलेगा, लेकिन मुझे मेगा नीलामी में नजरअंदाज किया गया। मैं इससे थोड़ा दुखी था। मध्यप्रदेश के इस 31 साल के बल्लेबाज को हालांकि अपने राज्य के ही एक खिलाड़ी के चोटिल होने के बाद आरसीबी में वापसी करने का मौका मिल गया।

पाटीदार हालांकि बेंगलुरु वापस आने के लिए उत्सुक नहीं थे, क्योंकि उन्हें पता था कि बड़े खिलाड़ियों से भरी टीम में खेलने का मौका शायद ही मिले। उन्होंने कहा, मैंने नीलामी में नहीं चुने जाने के बाद इंदौर में अपने स्थानीय मैचों में खेलना शुरू कर दिया था। मुझे फिर फोन आया कि हम आपको लवनीथ सिसोदिया की जगह चुन रहे हैं। सिसोदिया चोटिल होने के कारण उस सत्र में टीम से बाहर हो गए थे।

## मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल खेलने का रास्ता साफ, मिचेल स्टार्क की जगह लेंगे



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल खेलने का रास्ता साफ हो गया है। 29 साल के तेज गेंदबाज को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिल गया है। बीसीबी ने शुक्रवार को एक स्टेटमेंट जारी कर बताया कि रहमान 18 से 24 मई के बीच आईपीएल खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अनुसार, रहमान 17 मई को यूएई के खिलाफ पहला टी-20 मैच खेलेंगे। उसके बाद इंडिया के लिए रवाना होंगे। जहां 18 से 24 मई तक दिल्ली के बचे लीग मैचों में हिस्सा लेंगे, हालांकि वे प्लेऑफ शुरू होने से पहले लौट जाएंगे। रहमान को दिल्ली कैपिटल्स ने 6 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था। वे ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क की जगह लेंगे। स्टार्क ने दिल्ली की ओर से आईपीएल के बचे मैच नहीं खेलने का फैसला लिया है। वे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तैयारी कर रहे हैं। आईपीएल 2025 के बचे मुकाबले 17 मई से शुरू हो रहे हैं। इन्हें भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रोक दिया गया था। दिल्ली ने रहमान को 6 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था। इसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा था- अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने कहा था- मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है।

## शास्त्री ने बताई कोहली के संन्यास की वजह लोगों के लगातार कमेंट्स से परेशान थे



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने विराट कोहली के रिटायरमेंट की वजह का खुलासा किया है। शास्त्री के अनुसार कोहली लगातार सार्वजनिक टीका-टिप्पणी से मानसिक रूप से थक चुके थे। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में बताया कि उन्होंने संन्यास का फैसला सार्वजनिक करने से पहले कोहली से बात की थी। उन्होंने रोहित के संन्यास पर भी बात की।

पूर्व भारतीय कोच ने कहा- मैंने उनसे इस बारे में बात की थी। मुझे लगता है कि उनके संन्यास की घोषणा से एक सप्ताह पहले उनका दिमाग बहुत स्पष्ट था। उन्हें कोई पछतावा नहीं है। विराट ने मुझे चौंका दिया क्योंकि मुझे लगा कि उनमें टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम दो-तीन साल बाकी हैं। जब आप मानसिक रूप से थके हुए होते हैं तो यही आपके शरीर को बताता है।% उन्होंने रोहित शर्मा की फॉर्म पर कहा- अगर मैं भारतीय टीम का कोच होता तो सिडनी टेस्ट में रोहित शर्मा को बाहर नहीं होने देता।

विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने एक इंस्टा पोस्ट में लिखा- टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे। कोहली ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू किया था।

# इंग्लैंड के खिलाफ टी20-वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित, शेफाली की वापसी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीमों का एलान कर दिया। अगले महीने से दोनों देशों की महिला टीमों के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। दोनों टीमों का नेतृत्व हरमनप्रीत कौर करेंगी जिसमें उनकी डिप्टी स्मृति मंधाना होंगी।

भारतीय महिला टीम अगले महीने इंग्लैंड दौरे पर जाएगी और टी20 तथा वनडे सीरीज खेलेगी। 28 जून से पांच मैचों की टी20 सीरीज का आगाज होगा जबकि तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज 16 जुलाई से खेली जाएगी। बीसीसीआई ने सीनियर महिला टीम का एलान कर दिया। वनडे विश्व कप 2025 की तैयारियों के लिहाज से भारतीय टीम के लिए यह सीरीज काफी अहम है।

**भारत ने जीती त्रिकोणीय सीरीज**

हाल ही में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज खेली थी। भारत ने इस सीरीज के फाइनल में श्रीलंका को 97 रन से हराकर सीरीज अपने नाम की थी। इस मुकाबले में उपकप्तान स्मृति मंधाना का बोलबाला रहा था। उन्होंने शानदार शतकीय पारी खेलकर जीत की नींव रखी थी। इसके बाद अमनजोत कौर और स्नेह राणा ने अपनी घातक गेंदबाजी से विपक्षी टीम को तगड़ा झटका दिया। अब भारतीय टीम की नजर इंग्लैंड के खिलाफ भी ऐसा ही प्रदर्शन करने पर होगी।

**शेफाली की वापसी**

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए घोषित टीम में शेफाली वर्मा की वापसी हुई है। उन्होंने भारत के लिए पिछले साल से कोई भी मैच नहीं खेला है। वहीं, तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल को किसी भी टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया है। आयरलैंड के खिलाफ हाल ही में डेब्यू करने वाली सयाली सतघरे को दोनों टीमों में शामिल किया गया है। त्रिकोणीय सीरीज में नजर आईं काश्वी गौतम इस दौरे पर नहीं जाएंगी।

## व्यापार

# ऑपरेशन-सिंदूर के बाद डिफेंस शेयरों में लगातार तेजी कोचीन शिपयार्ड और मझगांव डॉक 13 प्रतिशत तक चढ़े



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारतीय डिफेंस स्टॉक्स में लगातार तेजी बनी हुई है। शुक्रवार,16 मई को कोचीन शिपयार्ड, गार्डन रीच शिप बिल्डर्स और मझगांव डॉक जैसी कंपनियों के शेयर 15त्र तक चढ़े। पारस डिफेंस में 20 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा, वहीं निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स में 6 प्रतिशत की तेजी रही। ब्रोकरेज फर्म्स का मानना है कि पाकिस्तान से तनाव के बीच सरकारी ऑर्डर बढ़ने, घरेलू उत्पादन पर फोकस और निर्यात में बढ़ोतरी की संभावना के चलते डिफेंस स्टॉक्स लगातार निवेश हो रहा है। पिछले 5 दिनों में कोचीन शिपयार्ड ने 35 प्रतिशत तो वहीं गार्डन रीच शिप बिल्डर्स ने 36 प्रतिशत रिटर्न दिया है। डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने वाली कंपनी पारस डिफेंस का शेयर आज 20त्र तेजी के साथ 1,817 रुपए पर बंद हुआ। क्क्र डिफेंस शेयर्स में गार्डन रीच शिप बिल्डर्स 10 प्रतिशत तेजी के साथ 2,486 रुपए पर बंद हुआ है। वहीं कोचीन शिपयार्ड का शेयर 13 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,047 रुपए पर रहा। मझगांव डॉक के शेयर में करीब 11 प्रतिशत की तेजी रही।

गार्डन रीच शिप बिल्डर्स ने एफवाई25 में 48 प्रतिशत की उछाल के साथ 527 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया है। चौथी तिमाही में लाभ 118 प्रतिशत बढ़कर 244 करोड़ रुपए रहा। इसके चलते शेयर में पिछले एक साल में 125 प्रतिशत रिटर्न दिया है।

डिफेंस सेक्टर में तेजी की मुख्य वजह एफवाई27 तक 8.45 लाख करोड़ रुपए के ऑर्डर मिलने की संभावना है। डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने हाल ही में ज्ञ-90 टैंक इंजन, वरुणास्त्र टॉरपीडो समेत 54,000 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। एंटिक स्टॉक ब्रोकिंग के अनुसार, सरकार के मेक इन इंडिया पुश और घरेलू उत्पादों पर जोर देने की नीतियों से शिपयार्ड कंपनियों को लंबे समय तक फायदा मिलेगा। वर्तमान में देश का 65 प्रतिशत रक्षा उपकरण स्थानीय स्तर पर बन रहा है।

# तुर्किए की फर्म से अडाणी ने पार्टनरशिप खत्म की, मुंबई-अहमदाबाद एयरपोर्ट पर सर्विसेज देती है सेलेबी एविएशन



**नई दिल्ली।** अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज के लिए तुर्किए की फर्म सेलेबी के साथ अपनी पार्टनरशिप खत्म कर दी है।

भारत के सिविल एविएशन सिक्योरिटी ब्यूरो के एक नोटिफिकेशन के बाद ये पार्टनरशिप खत्म की गई है। 15 मई को ब्क्ष्स ने सेलेबी का सिक्योरिटी क्लीयरेंस कैंसिल कर दिया था। ऐसे में सेलेबी को तुरंत सभी ग्राउंड हैंडलिंग फैसिलिटीज अडाणी को ट्रांसफर करनी होगी।

सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी रद्द करने का फैसला भारत-पाक तनाव के बीच लिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के लिए भारत द्वारा लॉन्च किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद तुर्किए ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। ऐसे में तुर्किए की भारत में आलोचना हो रही है।

**सिविल एविएशन सिक्योरिटी ब्यूरो ने क्या कहा?**

15 मई को एक आदेश में, विमानन नियामक ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है। तुर्किए और अजरबैजान ने पाकिस्तान का समर्थन किया था और ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी शिविरों पर भारत के हालिया हमलों की निंदा की। पाकिस्तान ने संघर्ष में बड़े पैमाने पर तुर्किए के ड्रोन्स का भी इस्तेमाल किया था।

**मौजूदा कर्मचारी नई ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी में शामिल होंगे**

अडाणी ने कहा कि दोनों हवाई अड्डों पर सेलेबी के सभी मौजूदा कर्मचारियों को उनकी मौजूदा शर्तों और रोजगार के आधार पर नई ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियों में शामिल किया जाएगा। अडाणी ने ये भी कहा कि हमारे हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग ऑपरेशन अप्रभावित रहेगा।

इससे पहले दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने इसी तरह के कदम में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो संचालन के लिए सेलेबी के साथ अपने संबंधों को औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया था। राष्ट्रीय सुरक्षा को इसका कारण बताया गया था।

# निर्यात 9 फीसदी बढ़ा, व्यापार घाटा पांच माह के उच्च स्तर पर, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की अच्छी रही मांग



नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग उत्पादों की मांग में अच्छी वृद्धि के कारण भारत का निर्यात अप्रैल, 2025 में सालाना आधार पर 9.03 फीसदी बढ़कर 38.49 अरब डॉलर पहुंच गया।?कच्चे तेल और उर्वरक की खरीदारी बढ़ने से देश का आयात भी एक साल पहले की तुलना में 19.12 फीसदी बढ़कर 64.91 अरब डॉलर पहुंच गया।?वाणिज्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, निर्यात की तुलना में अधिक आयात के कारण?अप्रैल में देश का व्यापार घाटा पांच महीने के उच्च स्तर 26.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले नवंबर, 2024 में सबसे ज्यादा 31.77 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ?था। अप्रैल, 2024 में देश से 35.30 अरब डॉलर का निर्यात किया गया था, जबकि आयात 54.49 अरब डॉलर रहा था।?

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्यात अप्रैल में 39.51 फीसदी बढ़कर 3.69 अरब डॉलर पहुंच गया। इंजीनियरिंग निर्यात 11.28 फीसदी बढ़कर 9.51 अरब डॉलर हो गया।

**सेवाओं का मूल्य 35.3 अरब डॉलर**

आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल, 2025 के लिए सेवाओं के निर्यात का अनुमानित मूल्य 35.31 अरब डॉलर था जो अप्रैल, 2024 में 30.18 अरब डॉलर था। सेवाओं के आयात का अनुमानित मूल्य 17.54 अरब डॉलर रहा, जो अप्रैल, 2024 में 16.76 अरब डॉलर था।

**अमेरिका-चीन को बढ़ा निर्यात**

आंकड़ों के मुताबिक, टैरिफ वार के बीच भारत से अमेरिका निर्यात 27.3 फीसदी बढ़कर 8.42 अरब डॉलर पहुंच गया।?वहीं, आयात भी 63.76 फीसदी की वृद्धि के साथ?5.24 अरब डॉलर रहा।?वहीं, चीन को निर्यात भी एक साल पहले के 1.25 अरब डॉलर से बढ़कर 1.41 अरब डॉलर पहुंच गया।

# 2030 तक इलेक्ट्रिक कारों का होगा दबदबा, 40 प्रशितात रहेगा हिस्सा, 2019 की तुलना में बिक्री में 146 गुना वृद्धि



नई दिल्ली। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है। अनुमान है कि 2030 तक दुनिया भर में बिकने वाली कारों में 40 फीसदी से अधिक इलेक्ट्रिक होंगी। वर्ष 2025 के अंत तक वैश्विक इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 20 करोड़ के पार जा सकती है, यानी हर चौथी बिकने वाली कार इलेक्ट्रिक होगी।

यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की ताजा रिपोर्ट 'ग्लोबल ईवी आउटलुक 2025' में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार इलेक्ट्रिक कारों की बढ़ती लोकप्रियता का मुख्य कारण उनकी घटती कीमतें हैं और यह पहले के मुकाबले ज्यादा किफायती भी हो गईं हैं। जैसे-जैसे बाजारों में इनकी कीमतें आम उपभोक्ता की पहुंच में आ रही हैं, वैसे-वैसे बिक्री में भी तेजी देखी जा रही है। 2024 में दुनिया भर में 1.7 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रिक कारें बिकीं, जिससे वैश्विक बाजार में इनकी हिस्सेदारी पहली बार 20 फीसदी के पार पहुंच गई। वहीं 2025 की पहली तिमाही में बिक्री में 35 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई और कई बड़े बाजारों में नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं।

भारत समेत एशिया और लैटिन अमेरिका के उभरते बाजारों में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेज़ी से बढ़ी है। 2024 में इन क्षेत्रों में ईवी की बिक्री में 60 फीसदी से अधिक की वृद्धि देखी गई। भारत में 2019 में मात्र 680 इलेक्ट्रिक कारें बिकी थीं, लेकिन 2024 तक यह आंकड़ा बढ़कर एक लाख पार हो गया, यानी 146 गुना वृद्धि हुई। 2023 में यह संख्या 82,000 थी और 2025 की पहली तिमाही में लगभग 35,000 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री हुई, जो साल दर साल 45 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है।

# आरयू दीक्षांत-समारोह में 1.50 लाख स्टूडेंट्स को दी गई डिग्रियां : राज्यपाल बोले- लड़कियों ने रचा इतिहास

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी का 34वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान यूनिवर्सिटी के 124 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल के साथ ही 309 स्टूडेंट्स को पीएच.डी. की उपाधि दी है। इसके साथ ही साल 2023 की परीक्षाओं में पास हुए 1 लाख 50 हजार 287 स्टूडेंट्स को उनकी उपाधियों की दीक्षा प्रदान की है।

दीक्षांत समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि नैतिक मूल्य भारतीय संस्कृति का प्रमुख आधार रहा है। इन मूल्यों से दूर करने के लिए अंग्रेज शासन में लॉर्ड मैकाले ने हमारे यहां अंग्रेजी शिक्षा पद्धति लागू की। इससे राष्ट्रवासियों में गुलाम मानसिकता विकसित हुई। उन्होंने कहा कि विनोबा भावे ने कहा था कि आजादी मिलने के बाद जिस तरह से देश का झण्डा




बदला गया वैसे ही यहां की शिक्षा नीति बदलनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसी आलोक में अब एक हजार शिक्षाविदों ने मिलकर देश में नई शिक्षा नीति तैयार की है। इसमें भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों पर ही जोर है। शिक्षकों को चाहिए कि वे इस नीति के आलोक में विद्यार्थियों को शिक्षित और दीक्षित करें।

राज्यपाल ने समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 75 प्रतिशत से अधिक संख्या बालिकाओं की रहने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि लड़कियां आधी आबादी के गणित को पार कर उपलब्धियों का इतिहास रच रही है। इस दौरान उन्होंने पंडित नेहरू ने डिस्कवरी ऑफ इंडिया में इसका उल्लेख करते हुए बताया कि हमारी नई शिक्षा नीति इसी दृष्टि की पूर्ति करने वाली है।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान में विश्वविद्यालय में कुलपति के स्थान पर अब कुलगुरु की परंपरा के आदेश जारी किए गए हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुलगुरु शब्द में ही शिक्षा का गौरव निहित है। देवनानी ने कहा है कि हमारी भारतीय ज्ञान प्रणाली आज भी प्रासंगिक है। प्राचीन काल से चली आ रही इस समृद्ध और व्यापक ज्ञान प्रणाली ने शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और दर्शन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक योगदान किया है।

देवनानी ने कहा कि प्राचीन भारत में शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं था। बल्कि, स्वयं की पूर्ण प्राप्ति के लिए था। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, वल्लभी जैसे प्राचीन भारत के विश्वस्तरीय संस्थानों ने शिक्षण और अनुसंधान के उच्चतम मानक स्थापित किए। चरक, सुश्रुत, आर्यभट्ट जैसे अनगिनत महान विद्ववानों ने विभिन्न क्षेत्रों में विश्व को महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि समृद्ध विरासत को भावी पीढियों के लिए पोषित और संरक्षित करना होगा।

# दर्दनाक हादसा : तेज रफ्तार डम्पर ने बजरी व्यापारी को रौंदा, मौके पर मौत, चालक फरार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के मालपुरा गेट इलाके में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार डम्पर ने सड़क पार कर रहे एक बजरी व्यापारी को रौंद डाला। हादसा इतना भयावह था कि व्यापारी को टक्कर मारने के बाद डम्पर उसे करीब 50 मीटर तक घसीटता ले गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सुबह दूध लेने निकले थे व्यापारी

एक्सीडेंट थाना (ईस्ट) के हेड कांस्टेबल हरिराम के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले व्यापारी की पहचान जय नारायण सैनी (उम्र 50 वर्ष) के रूप में हुई है। वह सांगानेर की भैरव कॉलोनी के रहने वाले थे और घर के पास ही रोड़ी-बजरी की दुकान चलाते थे। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे वे रोज़ाना की तरह दूध लेने के लिए पैदल निकले थे। जब वे मालपुरा गेट इलाके में डिग्गी रोड पर




सड़क पार कर रहे थे, तभी पीछे से आए एक तेज रफ्तार डम्पर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक डम्पर मौके पर छोड़कर भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर मालपुरा गेट थाना और एक्सीडेंट थाना (ईस्ट) की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रैफिक को डायवर्ट कर रास्ता खाली करवाया और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतक जय नारायण के शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भेजा गया, जहां पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया की जा रही है।

पुलिस ने दुर्घटना के लिए जिम्मेदार डम्पर को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपी चालक की पहचान और गिरफ्तारी की जा सके।

# विपक्ष के बयानों पर जोगाराम पटेल का पलटवार, सेना हमारी शान, झूठ बर्दाश्त नहीं

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर ।** राजस्थान के कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों पर भारतीय सेना के मनोबल को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां सेना के पराक्रम और देश की अखंडता के खिलाफ नकारात्मक और झूठी बातें फैलाकर गलत काम कर रही हैं। सेना ने आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करने में अदम्य साहस दिखाया है, जिस पर पूरे देश को गर्व होना चाहिए।

पटेल ने विपक्षी नेताओं के हालिया बयानों पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा, ÷ऐसे बयान पीड़ित परिवारों के दर्द को और बढ़ाते हैं। पीड़ित परिवारों ने स्वयं बताया है कि आतंकियों ने कायराना हरकत की। यह कहना कि धर्म के आधार पर गोली मारी गई, पूरी तरह गलत और अस्वीकार्य है। विपक्ष से अपील की कि वे मजहब के नाम पर इस तरह की संवेदनशील घटनाओं को गलत तरीके से पेश न करें।

कानून मंत्री ने समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव के एक बयान पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी, जिसमें कथित तौर पर सेना के एक अधिकारी को जातिसूचक शब्दों से संबोधित किया गया था। पटेल ने इसे निंदनीय




करार देते हुए कहा सेना पर पूरे देश को गर्व है। उस पर सवाल उठाना या किसी अधिकारी को अपमानित करना इस देश में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम इसकी कठोर शब्दों में निंदा करते हैं। इस तरह के बयान न केवल सेना का अपमान हैं, बल्कि देश की एकता और अखंडता को भी कमजोर करते हैं। पटेल ने आगे कहा कि विपक्ष का यह रवैया आतंकियों के खिलाफ सेना की कार्रवाइयों को कमजोर करने की साजिश का हिस्सा है। विपक्षी नेताओं से आग्रह है कि वे अपनी राजनीति के लिए सेना और पीड़ित परिवारों की भावनाओं का दुरुपयोग न करें। सेना हमारी शान है और उसकी बहादुरी पर सवाल उठाना देश के साथ गद्दारी है। आतंकी घटनाएं कायराना कृत्य हैं और इन्हें किसी धर्म या मजहब से जोड़ना अनुचित है। देशवासियों को एकजुट होकर सेना का समर्थन करना चाहिए।

वहीं बीते गुरुवार को प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा हमारी सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों को सबक सिखाया है। आज पूरा देश अपनी सेना के समर्थन में तिरंगा रैली निकाल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा था कि जो भी भारत की ओर आंख उठाएगा, उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। यह जवाब पाकिस्तान को बालाकोट स्ट्राइक में मिला और अब ऑपरेशन सिंदूर में भी मिला। हमारी सेना और पीएम मोदी के आतंकवाद विरोधी फैसलों के साथ पूरा देश खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि हम दुश्मनों को करारा जवाब देना जानते हैं।

# राजस्थान में संघ के प्रशिक्षण वर्ग 17 मई से, 12 स्थानों पर होंगे आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षण वर्ग 17 मई से 12 स्थानों पर आयोजित होंगे। इन वर्गों में विभिन्न आयुवर्ग के चार हजार से अधिक स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का भी मार्गदर्शन स्वयंसेवकों को मिलेगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेशचंद्र अग्रवाल ने बताया कि संघ की ओर से प्रतिवर्ष अपने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए संघ शिक्षा वर्ग का आयोजन किया जाता है। वर्ग में स्वयंसवेक मन की साधना, स्व-अनुशासन, त्यागपूर्ण जीवन, सामूहिक जीवन के सामंजस्य को सीखते हुए विविध प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। वर्ग में स्वयंसेवकों को शारीरिक, सैद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में इस बार 40 वर्ष तक की आयु के स्वयंसेवकों के लिए कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम (सामान्य) नागौर में और 40 से 65 वर्ष तक की आयु के स्वयंसेवकों के लिए कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम (विशेष) सवाईमाधोपुर में आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त चित्तौड़ प्रांत के



केकड़ी, झालवाड़, निम्बाहेड़ा और उदयपुर में, जयपुर प्रांत के चूरु, रतनगढ़ व सीकर में और जोधपुर प्रांत के पाली, जालोर व बालोतरा में संघ शिक्षा वर्ग आयोजित होंगे। इन 12 वर्गों के अतिरिक्त तीन घोष वर्ग भी आयोजित होंगे। इन वर्गों में स्वयंसेवकों को समाज जीवन के विविध क्षेत्रों-जैसे सेवा, संपर्क, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, ग्राम विकास तथा गोसेवा जैसे विषयों पर काम करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संघ शिक्षा वर्ग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित अखिल भारतीय और क्षेत्र के अधिकारियों का मार्गदर्शन भी स्वयंसेवकों को प्रत्यक्ष रुप से मिलेगा।

# 1 जून से जयपुर-वाराणसी के लिए शुरू होगी सीधी फ्लाइट : सप्ताह में सातों दिन होगी संचालित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान से वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने वाराणसी के लिए सीधी फ्लाइट शुरू करने का फैसला किया है। यह फ्लाइट 1 जून से शुरू होगी। जो हर दिन वाराणसी के लिए उड़ान भरेगी। इसके साथ ही यात्रियों को नेपाल के काठमांडू के लिए भी वाराणसी से सीधी फ्लाइट मिल सकेगी।

दरअसल, जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 1 जून से वाराणसी के लिए भी एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट संचालित होगी। यह फ्लाइट वाराणसी से आगे नेपाल की राजधानी काठमांडू भी जाएगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-1596 1 जून से वाराणसी से शाम



5 बजकर 30 मिनट पर जयपुर के लिए उड़ान भरेगी। इसी तरह फ्लाइट आईएक्स - 1560 जयपुर से शाम 6 बजे वाराणसी जाएगा। यह फ्लाइट सप्ताह के सातों दिन जयपुर वाराणसी के लिए संचालित होगी। वहीं, यह फ्लाइट, वाराणसी से आगे काठमांडू भी जाएगी। ऐसी में जयपुर से नेपाल जाने वाले पैसेंजर्स को भी इस फ्लाइट के शुरू होने से आसानी होगी। बता दें कि इससे पहले 27 अप्रैल को एयर इंडिया एक्सप्रेस ने जयपुर से गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट के लिए सीधी फ्लाइट शुरू की थी। यह फ्लाइट सप्ताह में चार दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को जयपुर से हिंडन और हिंडन से जयपुर के लिए संचालित की जा रही है।

# माइनिंग ओवरलोड करने वाले ट्रक चालकों की मुश्किलें बढ़ीं : 25 मई तक नहीं भरा चालान तो 2 हजार से ज्यादा वाहनों का रजिस्ट्रेशन होगा सस्पेंड

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर के आरटीओ प्रथम ऑफिस की ओर से बड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। माइनिंग ओवरलोडिंग के प्रकरणों में बकाया चालान राशि को लेकर अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने बताया कि ई-रवन्ना के तहत बकाया प्रकरणों में दो हजार से ज्यादा ट्रकों के रजिस्ट्रेशन तीन महीने के लिए सस्पेंड किए जा सकते हैं। चालकों को 25 मई तक का अंतिम मौका दिया गया है। अगर तय तारीख तक चालान की रकम जमा नहीं करवाई गई तो इन वाहनों के पहिये थम जाएंगे।

आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया- ई-रवन्ना के तहत माइनिंग ओवरलोडिंग के मामलों में करोड़ों रुपए की वसूली बाकी है। विभाग ने पहले वाहन चालकों को राहत देने के लिए एमनेस्टी स्कीम भी चलाई थी, लेकिन इसके बावजूद चालान नहीं भरे गए। अब इन सभी बकाया मामलों के खिलाफ सख्त



कार्रवाई की जा रही है।

### धारा 53 का नोटिस जारी, रोड पर नहीं चल सकेंगे सस्पेंड ट्रक

शेखावत ने बताया- संबंधित सभी वाहन स्वामियों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 53 के तहत नोटिस पहले ही भेजा जा चुका है। इस धारा के तहत वाहन का पंजीयन निलंबित किया जा सकता है। तय समय तक चालान की राशि नहीं चुकाने पर करीब दो हजार से ज्यादा वाहनों का रजिस्ट्रेशन तीन महीने के लिए सस्पेंड कर दिया जाएगा। इस दौरान ये वाहन रोड पर नहीं चल पाएंगे।

### राजस्व वसूली के लिए चला रखा है अभियान

आरटीओ विभाग की टीम ने बकाया राजस्व प्रकरणों के खिलाफ अभियान शुरू कर रखा है। इसके तहत पहले चरण में उन्हीं ट्रकों को टारगेट किया जा रहा है, जिनका बकाया सबसे ज्यादा है। जिन्होंने बार-बार नोटिस मिलने के बावजूद जवाब नहीं दिया। विभाग की ओर से साफ कर दिया गया है कि अब चालान भरना ही एकमात्र विकल्प है, वरना वाहन संचालन पर रोक तय है।

# जयपुर में मिला 2,075 किलो विस्फोटक, अत्यंत संवेदनशील श्रेणी का निकला : दो आरोपी गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक बड़े सुरक्षा संकट की आशंका ने जन्म ले लिया है। बीते 10 मई को जयपुर-भरतपुर नेशनल हाईवे (ह॥-21) पर बस्सी टोल के पास एक पिकअप वाहन से 2,075 किलो विस्फोटक बरामद किया गया। पुलिस जांच में अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस विस्फोटक का उद्देश्य क्या था, इसे जयपुर में क्यों लाया गया, और इसका कहां उपयोग किया जाना था। अब तक की कार्रवाई = दो गिरफ्तारियां

पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बस्सी थाना क्षेत्र के एसआई मनोज के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में रामजीलाल बलाई निवासी हाथीपुरा, तूंगा (जयपुर), कृष्ण कुमार मीणा, निवासी खानवास, दौसा शामिल हैं। रामजीलाल पिकअप वाहन को एस्कॉर्ट कर रहा था, जबकि कृष्ण कुमार उस पिकअप में खलासी के रूप में मौजूद था। दोनों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने विस्फोटकों के अवैध परिवहन की



बात स्वीकार की है, और खुलासा किया है कि वे पिछले कई वर्षों से इस धंधे में सक्रिय हैं।

### विस्फोटक की प्रकृति : अत्यंत संवेदनशील और प्रतिबंधित

इस पूरे मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब पीईएसओ द्वारा जब्त विस्फोटक की जांच में उसे अत्यंत संवेदनशील और प्रतिबंधित श्रेणी का पाया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह का विस्फोटक किसी भी रूप में उपयोग करना पूर्णतः अवैध है।

पुलिस द्वारा सीज की गई पिकअप में कुल 63 कार्टन और 10 सफेद प्लास्टिक के कट्टे थे। कार्टनों पर ओपटीस्टार एक्सप्लोसिव और कट्टों पर आमोनियम नाईट्रेट लिखा हुआ था - ये दोनों ही औद्योगिक और आतंकी उपयोग दोनों में इस्तेमाल होने वाले खतरनाक रसायन माने जाते हैं।

पिकअप वाहन के नंबर के आधार पर उसकी पहचान ईश्वर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह रावत, निवासी शिवपुर नरेली मांडल, भीलवाड़ा के रूप में हुई है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि वाहन मालिक से अब तक कोई संपर्क नहीं हो पाया है और वह गायब है।

पीईएसओ की प्रारंभिक जांच के बाद विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इस रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो सकेगा कि बरामद सामग्री की रासायनिक संरचना क्या है और उसका विस्फोटक क्षमता

# गोविंद देव मंदिर में रविवार को नवविवाहित जोड़ों को बताएंगे सुखी दाम्पत्य जीवन के सूत्र

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार 18 मई को मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह आठ से दस बजे तक ÷परिणय अनुयाज कार्यक्रम÷ का आयोजन किया जाएगा। इसमें में ऐसे कई जोड़े परिवार सहित शामिल होंगे जिनका विवाह पिछले दिनों ही संपन्न हुआ है। अब तक तीस जोड़ों ने पंजीयन करवाया है। जिनका विवाह कुछ माह पूर्व हुआ है ऐसे जोड़े इस कार्यक्रम में निशुल्क भाग ले सकते हैं। नव विवाहित जोड़ों को सुखी गृहस्थ जीवन के सूत्र बताए जाएंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन निशुल्क गायत्री महायज्ञ के साथ होगा। यज्ञ से पूर्व विशेषज्ञ वक्ता सुखी दाम्पत्य जीवन पर प्रकाश डालेंगे। नव विवाहित जोड़ों से सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मां गौरी सहित अन्य देवी-देवताओं का पूजन करवाया जाएगा। इसके बाद विशिष्ट आहुतियां प्रदान करवाई जाएंगी।

गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम पूरी तरह निशुल्क है। किसी भी तरह के सामान लाने की आवश्यक्ता नहीं है। जिन अभिभावकों के बेटी-बेटी का हाल ही में विवाह संपन्न हुआ है उन्हें इस कार्यक्रम में अवश्य शामिल होना चाहिए। यज्ञ की दूसरी पारी नौ बजे होगी। इसमें मंदिर में दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थी निशुल्क बैठ सकते हैं। कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली संपन्न कराएगी।

**हवन के बाद देहली पूजन:** परिणय अनुयाज कार्यक्रम गायत्री महायज्ञ के साथ ठीक आठ बजे प्रारंभ हो जाएगा। पूजा-अर्चना के बाद दाम्पत्य जीवन को सुखी बनाने वाले स्वर्ण सूत्र बताए जाएंगे। इसके बाद गायत्री महायज्ञ में आहुतियां प्रदान की जाएंगी। करीब साढ़े नौ बजे सभी जोड़े ठाकुरजी के दर्शन करेंगे। सभी जोड़े देहली पूजन कर ठाकुरजी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। सभी जोड़ों को कुछ उपहार भी दिए जाएंगे।

गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि परिवार एक छोटा सा स्वर्ग है, जिसका निर्माण अपने हाथ में है। परिवार एक ऐसी लीला भूमि है जिसमें पारिवारिक प्रेम सहानुभूति, संवेदना, मधुरता अपना गुप्त विकास करते हैं। यह एक ऐसी साधना भूमि है जिसमें मनुष्य को अपने कर्तव्यों तथा अधिकारों, उत्तरदायित्व एवं आनन्द का ज्ञान होता है। मनुष्य को इस दुनिया में सच्चा सुख अपने परिवार में ही प्राप्त होता है। गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने वाले युवाओं को इसका ज्ञान करवाने के लिए यह विशिष्ट आयोजन रखा है।

# शोरूम से 41 लाख के मोबाइल चोरी

**जयपुर।** जयपुर के सैमसंग शोरुम में 42 लाख के मोबाइल और कैश चोरी का मामला सामने आया है। ग्रुप में आए बदमाशों ने चद्दर की आड़ में शटर को खींचकर साथी को अंदर घुसाया। अलार्म सिस्टम को बंद कर बदमाश महज 15 मिनट में वारदात कर भाग निकले। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। बजाज नगर थाना पुलिस ने फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया सोडाला के रामनगर निवासी वंशिता सैनी (30) ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मैन टोंक रोड पर गोपालपुरा फ्लाईओवर के पास महावीर नगर में सैमसंग स्टोर पर वह मैनेजर के पद पर काम करता है। बुधवार रात करीब 9ः30 बजे मोबाइल शोरुम को लॉक कर सभी अपने घर चले गए। देर रात बदमाशों ने शोरुम को निशाना बनाया। शटर को सेंटर से खींचकर ऊंचा कर बदमाश शोरुम के अंदर घुसे। अलार्म सिस्टम बंद कर शोरुम के लॉकर्स में रखे करीब 41 लाख के मोबाइल और कैश काउंटर में रखे करीब 1.40 लाख रुपए चोरी कर ले गए। गुरुवार सुबह शोरुम पर आने पर शटर झूलता दिखाई दिया। लॉक खोलकर अंदर जाने पर शीशे के गेट खुले हुए थे। शोरुम में रखे कीमती मोबाइल व कैश काउंटर में रखे रुपए गायब मिले। सूचना पर थाना पुलिस ने पहुंचकर मौके से सबूत जुटाए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बसई सामंता पंसं धौलपुर (राज.)**

क्रमांकः/SPL-1 दिनांक :- 16.05.2025

खुली बोली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में नियोजित 'सैय्यद तालाब भिलगंवा' मत्स्य पालन ठेका सर्वसाधारण के समक्ष दिनांक 23.05.2025 को खुली बोली द्वारा किया जायेगा। निविदा से संबंधित समस्त विवरण कार्यालय में दिनांक 24.05.2025 तक उपस्थिति होकर प्राप्त कर सकते है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत बसईसामंता
पं.समिति धौलपुर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बसईसामंता
पं.समिति धौलपुर

# जन्म मरण सब सुख दुख भोगा



**एसके मंगल**

रामचरितमानस के अयोध्या कांड की एक चौपाई है। चौपाई अयोध्या कांड के उस प्रसंग से संबंधित है जहां जीवन की नश्वरता, कर्म, और नियति के दार्शनिक पहलुओं पर विचार व्यक्त किया है। चौपाई-जन्म मरण सब दुख सुख भोगा, हानि लाभ प्रिय मिलन वियोगा। काल कर्म बस होइ गुसाई, बरवस राति दिवस की नाई।। अयोध्या कांड में जब राम के वनवास और अयोध्या में उत्पन्न दुखद स्थिति के बीच लोग जीवन के चक्र और कर्म के प्रभाव पर विचार कर रहे हैं। गोस्वामी तुलसीदास जीवन की क्षणभंगुरता और ईश्वर की इच्छा के अधीन होने की बात कहते हैं। अर्थ हैकि जन्म मरण सब दुख सुख होगा जीवन में जन्म, मृत्यु, सुख, और दुख सभी स्वाभाविक रूप से आते-जाते हैं। हमारे नियंत्रण के बिना भी प्रियजनों से मिलन और बिछड़ना होता है। सब कुछ कर्मों के अधीन है और ईश्वर गुसाई की इच्छा से होता है। जैसे रात और दिन बिना किसी के नियंत्रण के आते-जाते हैं, वैसे ही जीवन की घटना भी अनियंत्रित रूप से घटित होती हैं। यानी तुलसीदास जी भक्त को समझाने का प्रयास करते हैं कि जीवन की हर घटना ईश्वर की इच्छा और कर्मों के फल पर निर्भर है। मनुष्य को चाहिए कि वह सुख-दुख में समान भाव रखें और भगवान के प्रति समर्पण भाव अपनायें। भागवत गीता में कहा गया है कि न जायते म्रियते वा कदाचिन्, नायं भूत्वा भविता वा न भूयः। अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो, न हन्यते हन्यमाने शरीरे।। अर्थः आत्मा न कभी जन्म लेती है और न कभी मरती है। यह न तो कभी उत्पन्न होती है और न ही नष्ट होती है। आत्मा अजन्मा, नित्य, शाश्वत और पुरातन है। शरीर के नष्ट होने पर भी आत्मा नष्ट नहीं होती। जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च। तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि।। जो जन्मा है, उसकी मृत्यु निश्चित है, और जो मरता है, उसका जन्म भी निश्चित है। इसलिए इस अपरिहार्य सत्य के लिए शोक नहीं करना चाहिए। संदर्भः श्लोक जीवन के चक्रीय स्वभाव को रेखांकित करता है, जो इस चौपाई में बरवस राति दिवस की नाई की तरह नियति और स्वाभाविकता को दर्शाता है।

## श्रद्धालु ने किया महाबली हनुमान जी पर वाटर कूलर भेट



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर ।** शहर गलता रोड स्थित गलता रोड स्थित महाबली हनुमान जी परिसर में श्रीमती इंद्रा देवी धर्म प%ी राजमल जैन खंडार वालों ने हनुमान जी महाराज को एक वाटर कूलर मय टंकी श्रद्धा सुमन भेंट किया, अब श्रद्धालुओं एवं आम यात्री को गर्मी में ठंडा पानी मिल सकेगा ।

वॉटर कुलर का आज विधिवत पूजा करके उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर महाबली का समिति के अध्यक्ष राजेश गोयल माहामंत्री हरी वेधजी ,बुली शर्मा प्रेमनारायण शर्मा, भगवान् माली, घनश्याम इत्यादि श्रद्धालु मौजूद थे ।

## भाजपा ने तिरंगा यात्रा को लेकर लगाये मंडल प्रभारी व सह प्रभारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां ।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर बारां जिला मुख्यालय पर 21मई शाम 4बजे श्री राम स्टेडियम से आयोजित होने वाली विशाल तिरंगा रैली के आयोजन के लिए भाजपा ने सभी बीस मंडलों पर प्रभारी व सह प्रभारी लगाए ।

कार्यक्रम के जिला संयोजक मुकेश केरवालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार ने जिला बैठक मे सर्व सहमति से निर्णय लिया कि 21 मई को "सिंदूर ऑपरेशन" की सफलता व सैनिकों के सम्मान में जिला मुख्यालय पर शाम 4ं00 बजे श्री राम स्टेडियम से विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें सर्व समाज सभी सामाजिक संगठन व्यापारी व किसान वर्ग एवं वैचारिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा इसके उपरांत चारों विधानसभाओं में भी तिरंगा रेलियों का आयोजन होगा इसी निमित्त भाजपा के सभी बीस मंडलों पर प्रभारी व सह प्रभारी क्रमशः बारां शहर में हरगोविंद जैन व निर्मल माथोडिया बारां देहात में खेम सिंह डागर व निरंजन शर्मा अटरु में जगदीश मीणा व सारिका सिंह चौहान कवाई में लक्ष्मी नारायण केरवालिया व मुकेश मिश्रा गऊघाट में नंदलाल सुमन व गिरिराज नागर अंता नगर मंडल में राकेश जैन व मनीष लश्करी अंता देहात मंडल में मनोज चौधरी व देवेंद्र शर्मा कोयला में मोरपाल सुमन व दिलीप दीक्षित मांगरोल नगर में गोविंद सिंह चौहान व पृथ्वीराज मीणा मांगरोल देहात में मुकेश केरवालिया व योगेश राजोरा सीसवाली में सूर्यकांत शुक्ला व अनुराग सिंह मुडंली छबड़ा नगर में ब्रह्मानंद शर्मा व श्री कृष्ण मेहता सेमली मंडल में ओम सुमन व रामलाल मेहता बापचा मंडल में रोहित नागर व गोविंद यदुवंशी छीपाबड़ौद में सुरेंद्र गालव व सत्यनारायण मित्तल हरनावदा शाहजी में संजय झाम्ब व भीम चौधरी किशनगंज मंडल में मजिद मलिक कमांडो व रामपाल मेघवाल भंवरगढ़ मंडल में जयेश गालव व दुर्गा शंकर नागर समरानिया मंडल में नाथू लाल नागर व मुकेश राठौर एवं शाहबाद मंडल में संजीव भारद्वाज को प्रभारी व बृजपाल सिंह सिकरवार को सह प्रभारी लगाया ।

# भाजपा की जिला बैठक सम्पन्न, 21 मई को होगा विशाल तिरंगा रैली का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां ।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा बारां की जिला बैठक कोटा रोड स्थित सांसद कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार की अध्यक्षता एवं संभाग समन्वयक नरेंद्र नागर के आतिथ्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश विजय, नंद लाल सुमन, वरिष्ठ नेता यशभानु जैन, रामस्वरूप यादव, जिला महामंत्री हरगोविंद जैन,रामपाल मेघवाल,शहर अध्यक्ष ओ पी पारेता कार्यक्रम जिला संयोजक मुकेश केरवालिया आदि नेता मंचासीन रहे । बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता खानपुर के पूर्व विधायक व संभाग समन्वयक नरेंद्र नागर ने अपने उद्बोधन मे कहा की भारतीय सेना की धमक पूरे विश्व ने देखी है " ऑपरेशन सिंदूर " की सफलता ने सिद्ध कर दिया कि जो भारत की तरफ आँख उठायेगा उसका हसन् पाकिस्तान मे पल रहे आतंकियो के जैसा होगा ।



वही अपने उद्बोधन मे सिकरवार ने सेना के शौर्य को सलाम करते हुए कहा कि भारतीय सेना किसी भी आतंकवादी हमले का मुहतोड़ जवाब देने मे सक्षम हैं इसकी झांकी पहलगाम आतंकी हमले के बाद "ऑपरेशन सिंदूर" को पूरे विश्व ने देखा है वही कार्यकर्ताओ को विशाल तिरंगा रैली की तेयारियो मे जुट जाने का आवाहन करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आमजन, व्यापारी, किसान एवं सामाजिक संघठन व वैचारिक संघठनो को साथ लेते हुए भव्य विशाल तिरंगा रैली का आयोजन करें। भाजपा जिला प्रवक्ता सचिन सनाढ्य व सह प्रवक्ता योगेश राजौरा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता यशभानु जैन पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश विजय व नंदलाल सुमन ने भी संबोधित किया बैठक का संचालन जिला महामंत्री ब्रह्मनंद शर्मा ने किया समापन मे कार्यक्रम जिला सह संयोजक धर्मेंद् भार्गव ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।इस अवसर पर भाजपा नेता मनोज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अशोक बत्रा,राकेश जैन, गोविंद सिंह चौहान, सुरेंद् गालव, निर्मल माथोडिया ,श्री कृष्ण मेहता, संजय झाम्ब,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित नागर,ओ बी सी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेंद् नागर, जिला मंत्री,ओम सुमन,हरिराम गुर्जर,अजय गुप्ता, आई टी के जितेंद्र सिंह रहलाई, राजेंद्र शर्मा मंडल अध्यक्ष, अमरदीप केदाहेड़ी, मुकेश नागर, राहुल नागर, राजमल मेहता, विरेंद् हाड़ा,भूपेंद्र सुमन, जय प्रकाश सुमन, महेंद्र मीणा, जितेंद्र गोयल,देवेंद्र पारेता, पुष्पदयाल मीणा,पवन गंदोलिया, योगेश गौतम, भानु प्रताप रहलाई रामलाल मेहता,महावीर नामा,जगदीश मेघवाल, ओम चक्रवर्ति , धनराज चोरसिया,लोकेश शर्मा, पृथ्वीराज मीणा, शिवा शर्मा, विक्की शर्मा, हरीश वैष्णव, नारायण नागर,दिलीप सिंह अडसेला, राजेंद्र सिंह तोमर,चेतन नागर,रिंकू सिंह,भोजराज तिवारी, दिनेश व्यास,मनीष नागर,गोविंद राजावत मुकेश मीणा,बृजराज,हेमन्त मीणा, विद्या रतनजयंत, योगेश गोढ़, श्याम नागर, चोथमल नागर,गोविंद यदुवंशी, सिद्धार्थ शर्मा,रितेश पंजाबी, हंसु गुर्जर,रोहित नायक, हरिओम सुमन, मनोज यादव,मुकेश गौतम, रामावतार मीणा,मनीष धाकड़, भगवती बैरवा,विजेंद्र नागर, मनीष शर्मा, हनुमान शर्मा, प्रवीण मीणा,सहित सेंकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## कुशल पाल प्रजापति राष्ट्रीय बीच थ्रो बॉल प्रतियोगिता हेतु राजस्थान से रेफरिंग नियुक्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बारां ।** जिला थ्रोबॉल संघ के सचिव कुशलपाल प्रजापति को राष्ट्रीय बीच थ्रोबॉल प्रतियोगिता के लिए राजस्थान से रेफरी नियुक्त किया गया है। यह प्रतियोगिता 17 से 19 मई तक कन्याकुमारी में समुद्र किनारे आयोजित होगी । जिला थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष अरविंद भारद्वाज ने बताया कि कुशलपाल कई वर्षों से थ्रोबॉल में सेवाएं दे रहे हैं ।

राजस्थान थ्रोबॉल संघ के सचिव कमल गोस्वामी ने बताया कि प्रजापति भारतीय टीम के प्रशिक्षक भी रह चुके हैं। थ्रोबॉल के प्रति उनके योगदान को देखते हुए थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी जनरल नरेश मान ने उन्हें रेफरी नियुक्त किया है। प्रजापति की नियुक्ति पर जिला खेल अधिकारी विशाल सिंह, ओलंपिक संघ के सचिव हरिनारायण सिंह, अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, पावरलिफ्टिंग के डॉ. मूलचंद शर्मा, वेटलिफ्टिंग के उमेश अग्रवाल, फुटबॉल के निर्मल माथोड़िया, क्रिकेट संघ के अभिनव जैन अब्दुल अजीज सिंघाड़ा, हॉकी के अरविंद त्यागी, टेनिस बॉल के सलाम पठान, जिला वॉलीबॉल संघ के मुकेश मेहरा, खेल शारीरिक शिक्षक संघ के सुनील शर्मा, दीप्ति मदान, मीना चौहान, अनिल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, माध्यमिक शिक्षा के नॉर्थमल, नीलम कपूर, ऋचा वर्मा, सपना अवस्थी, हिंदू व्यायामशाला के ओम सुमन, भीम दल के मंगल सिंह, विष्णु व्यायामशाला के जयपाल, थ्रोबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी आदर्श पाल, पांचूलाल केदाहेड़ी, जिला थ्रोबॉल संघ के कोषाध्यक्ष शंभूदयाल वैष्णव, इंदिरा भारत के सचिव बाबूलाल जैन सहित कई खेल प्रेमियों ने बधाई दी। सभी ने प्रजापति के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## त्रिलोक सुरलाया स्मृति समाज उत्थान समिति ने समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र जैन लाला एडवोकेट की पुण्यतिथि को सेवा कार्य - कर श्रद्धांजलि दी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** त्रिलोक सुरलाया स्मृति समाज उत्थान समिति ने समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र जैन लाला एडवोकेट की पुण्यतिथि को सेवा कार्य कर श्रद्धांजलि दी । समिति के पूर्व अध्यक्ष की प्रथम पुण्यतिथि पर समिति के मुख्य संरक्षक कपूरचंद सेठिया और मुख्य सलाहकार मुकेश जोशी एडवोकेट ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष सेवाभावी सभी का सहयोग करने वाले थे उनका स्वर्गवास पिछले वर्ष हो जाने से उनको समिति की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही सेवा कार्यों में गायों को चारा रेतवाली महादेव पर भोजन वह बिस्कुट आदि वितरण में सहयोग किया इस दौरान वर्तमान अध्यक्ष अशोक भंडारी ,रितेश जैन कोषाध्यक्ष ,अतुल जैन राम लक्ष्मण



नौसालए,अशोक शर्मा ,सुरेंद्र सिंह सोलंकी रेलवे ,भंवरलाल राठौर , कविता कहार एडवोकेटआदि उपस्थित रहे ।

## देश में अच्छे वातावरण का निर्माण कर रहे हैं पूर्व छात्र - संगठन मंत्री गोविंद

### पूर्व छात्रों की प्रांत बैठक में विश्व योग दिवस व संघ शताब्दी वर्ष की बनी योजना

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां ।** विद्या भारती के पूर्व छात्रों की प्रांत स्तरीय बैठक विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र के संगठन मंत्री गोविंद कुमार एवं पूर्व छात्र क्षेत्र संयोजक



डॉक्टर सुनील कुमार के मार्गदर्शन में उत्साह पूर्वक संपन्न हुई । पूर्व छात्र प्रांत संयोजक डॉ. विक्रम मेनारिया एवं सोशल मीडिया संयोजक राजेंद्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आभासी बैठक में गत संपन्न कार्यक्रम एवं आगत कार्यक्रमों पर संवाद व विचार विमर्श किया, इस अवसर पर संगठन मंत्री गोविंद कुमार ने कहा कि विद्या भारती पूर्व छात्र देश के विकास व समाज में अच्छे वातावरण का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व छात्र द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य रक्तदान पर्यावरण संरक्षण आदि जन जागरण के कार्यों की प्रशंसा करते हुए विश्व योग दिवस,संघ शताब्दी वर्ष तथा पूर्व छात्र पंजीयन मे सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक के द्वितीय चरण में डॉक्टर सुनील कुमार ने पूर्व छात्र पोर्टल की जानकारी देते हुए शताब्दी वर्ष पर आयोजित होने वाले पूर्व छात्रों के आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। बैठक में मानेंग पटेल प्रांत सचिव, आशीष जाजू दुष्यंत शर्मा प्रांत पूर्व छात्र सह संयोजक सभी जिला सचिव व पूर्व छात्र संयोजक एवं पूर्व छात्र प्रांत कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। आभार एवं शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ ।

## सीईओ की अध्यक्षता में नरेगा की एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित महात्मा गांधी नरेगा योजना की एक दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई । पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से आयोजित कार्यशाला में तकनीकी अधिकारियों को जिले की चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने, जल एवं भूमि संरक्षण हेतु कार्यो का चिह्नीकरण करने, जिला स्तरीय बंजर भूमि एवं चारागाह विकास समिति ,मिशन हरियालो राजस्थान तथा पंचायत पौधशाला के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही श्मशान विकास, व्यक्तिगत लाभ, नर्सरी विकास, वृक्षारोपण साईड सलेक्शन, जन शक्ति अभियान, एमजेएसए, पौधशाला आदि की भी विस्तृत जानकारी देते हुए विकास कार्यो के लक्ष्य आवंटित किये गए। इस दौरान आईटीसी मिशन सुनहरा कल के मास्टर ट्रेनर सीनियर प्रोग्राम मैनेजर उमेश पालीवाल, रीजनल कोऑर्डिनेटर कैलाश शर्मा, जिला प्रशिक्षण समन्वयक मंजू शर्मा, सुरेश वैष्णव ने चारागाह विकास व पौधारोपण की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी। वहीं नरेगा एक्सईएन संजय मोदी व समन्वयक सचिन जैन द्वारा मियावाकी वृक्षारोपण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई । इस दौरान सहायक अभियंता कुशाल मीणा, मुकेश सैनी, अति.विकास अधिकारी गोपाल लाल वर्मा, बाबू खान, यशवेंद्र वर्मा सहित सभी पंचायत समितियों के अभियंता मौजूद रहें ।

## अग्रवाल समाज खंडार तहसील की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया

### समाज के तहसील मीडिया प्रभारी बने विशाल अग्रवाल बालेर व पारस जैन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**खंडार ।** अग्रवाल समाज के नवनियुक्त खंडार तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता ने शुक्रवार को अग्रवाल समाज तहसील की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस घोषणा से पूर्व बुधवार को खंडार, बहरावंडा खुर्द, छाण एवं बालेर इकाईयों के अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा की गई। जिसकें बाद खंडार में अग्रवाल सदन में अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिसमें पूर्व कार्यकारिणी के बरिष्ठ समाज के पदाधिकारी एवं अग्रबंधुओ की सर्वसम्मति सहमति से शुक्रवार को नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई । इसमें शिम्भु दयाल मंगल बहराउंडा खुर्द, कैलाश चंद बनवारी लाल खंडार, हनुमान प्रसाद बजाज बालेर उपाध्यक्ष बनाया गया है ।

कोषाध्यक्ष गिरीश गर्ग खंडार, महामंत्री अरविंद जैन, संगठन मंत्री हनुमान गोयल बालेर, मंत्री पुष्पेंद्र मित्तल बहरावंडा खुर्द, मीडिया प्रभारी विशाल अग्रवाल बालेर (पत्रकार), पारस चंद जैन खंडार को मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्त किया गया । इसी तरह समाज के संरक्षक पद पर दिनेश सिंहल, ओमप्रकाश मंगल बहरावंडा खुर्द, हनुमान प्रसाद गर्ग बहरावंडा खुर्द, राधेश्याम जिंदल बालेर, कुंजबिहारी गुप्ता खंडार को मनोनीय किया ।

वहीं विशेष सदस्य गण के लिए रमेश गोयल बहरावंडा खुर्द, राधारमण सिंहल खंडार, दिलीप गर्ग खंडार, हरिशंकर गोयल खंडार, सत्यनारायण गुप्ता बहरावंडा खुर्द, कमलेश छाण गैस एजेंसी वाले, नरेंद्र मंगल खंडार, गोरधन मंगल बहरावंडा खुर्द, दिनेश मंगल बालेर, द्वारका प्रसाद खंडार, विष्णु गर्ग छाण को शामिल किया । सदस्य गण में महावीर गर्ग मेई, विष्णु गोयनर बालेर, महावीर गंडावर, दुलीचंद बहरावंडा कलां, कैलाश चंद गर्ग बहरावंडा खुर्द, गणेश सिंहल बहरावंडा खुर्द, कृष्णावतार गोयल बहरावंडा खुर्द को अग्रवाल समाज तहसील कार्यकारणी में सदस्य गण में शामिल किया गया । अग्रवाल समाज के नवनियुक्त तहसील मीडिया प्रभारी ने कहा आगामी 2 से 3 साल का कार्यालय रहेगा । इस दौरान समाजहित में कार्य किए जाएंगे। वह समाज के सभी लोगों को एक साथ लेकर आगे बढ़ेंगे।

## सड़क दुर्घटना में दुल्हे की मां, चाची की मौत, पत्नि, पिता सहित पांच घायल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** नैनवा थाना क्षेत्र में आज दोपहर बालेरो, पिकअप की आमने-सामने भिड़ंत में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।



नैनवा थानाधिकारी कमलेश शर्मा ने बताया कि दबलाना थाना के हर मालियो का खेडा गांव में शादा के बाद परिवार के लिए चौथ का बरवाडा माता मंदिर जा रहे थे । बोलेरो में महिलाए भजन गाते हुए चल रही थी। तभी अचानक 148 डी मेगा हाईवे पर कीरो का झोपडा के पास सामने से पिकअप आ गई, बोलेरो ओर पिक अप में टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो के परखच्चे उड गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मयजाप्ते मौके पर पहुंच कर घायलों को बडी मशक्कत के बाद वाहन से बाहर निकाल देई, नैनवा, नगरफोढ 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसें में दुल्हे की मां और चाची की मौत हो गई। जबकि दुल्हे का पिता, प% बोलेरो चालक और पिकअप में सवार एक व्यक्ति घायल हुआ है ।

जबकि दुल्हा 25 वर्षीय सुरेश पुत्र रमेश, दुल्हन सरोज प% मुकेश, दुल्हे के पिता रमेश पुत्र रामसहाय, चालक टाकडा निवासी 26 वर्षीय सुरेश पुत्र कजोड, पिकअप सवार सोजी गोस्वामी घायल हुए है । उनमें से दुल्हे सुरेश और चालक सुरेश को प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रेफर कर दिया गया ।

## युवक का अपहरण कर मारपीट करने वाले 04 मुल्जिमों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि थानाधिकारी थाना इन्द्रगढ के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एक युवक का अपहरण कर मारपीट की वारदात करने वाले 04 मुल्जिमों

1. दीपक मीणा पुत्र श्री घनश्याम जाति मीणा उम्र 19 साल निवासी चमनगंज थाना इन्द्रगढ

2. योगेश मीणा पुत्र बत्तीलाल जाति मीणा उम्र 23 साल निवासी रावल थाना कुन्डेरा सवाई माधोपुर

3. शंकरलाल मीणा पुत्र श्रीफुल मीणा जाति मीणा उम्र 23 निवासी हिगोंनी थाना कुन्डेरा जिला सवाई माधोपुर

4. लवकुश उर्फ गोलु पुत्र हेमराज जाति मीणा उम्र 22 साल निवासी




एकट थाना सपोटरा जिला करौली को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

## बजरी माफिया ओर पुलिस संघर्ष मैं सुरज्ञान मीणा की मौत



### गुस्साए लोगों ने जलाया निजी वाहन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर ।** सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा थाना क्षेत्र स्थित बनास नदी में बीती रात अवैध बजरी खनन एंव परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करने गई पुलिस एंव बजरी माफियाओं के बीच हुवे आपसी संघर्ष में पुलिस के डंडे से हुई एक ट्रैक्टर चालक मौत के बाद अब धीरे-धीरे क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर आज सुबह सवेरे ही मृतक सुरज्ञान मीणा पुत्र रामपुर मीणा निवासी संग्रामगंज इंदरगढ़ जिला बूंदी के परिजन ग्रामीणों के साथ चौथ का बरवाड़ा पुलिस थाना आ पहुंचे और थाने के समक्ष प्रदर्शन कर सीधे तौर पर पुलिस पर हत्या का आरोप लगाया है। साथ ही कार्रवाई नहीं करने एवं मुआवजा नहीं देने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दे डाली । फिलहाल पुलिस लोगों को समझाने का प्रयास करती नजर आ रही है। मृतक के परिजनों ने बताया कि सुरज्ञान मीणा पर पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण लाभूराम द्वारा लोहे के सरिया से वार किया गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को कोई सूचना नहीं दी तथा शव को सवाई माधोपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचा दिया। पुलिस द्वारा मामले को पूरी तरह से दबाने की कोशिश की जा रही है। जिसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

दूसरी ओर इस घटना में पुलिस की कार्रवाई पर भी कई सवाल खड़े हो रहे है । जानकारी में आया है कि पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण जो पुलिस को बनास नदी में लेकर गए थे। वह वहां किसी बजरी का व्यापार करने वाले व्यक्ति से ही संबंधित बताया जा रहा है। साथ ही मौके पर खनिज विभाग की टीम को नहीं बुलाया गया ओर यह घटना हो गई । जानकारी के मुताबिक जिले के चौथ का बरवाड़ा थाना क्षेत्र की बनास नदी स्थित डिडायच रपट के पास पुलिस अवैध खनन एंव परिवहन रोकने गई थी जहाँ पुलिस एंव बजरी माफियाओ में आपसी में संघर्ष हो गया और बजरी माफियाओं ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस की मार से एक ग्रामीण ट्रैक्टर चालक की मृत्यु हो गई। जिससे आक्रोशित बजरी माफियाओं ने पुलिस द्वारा काम में लिये जा रहे एक निजी वाहन में आग लगा दी गई है ।

मौके पर बजरी माफियाओं द्वारा किये गए जबरदस्त पथराव और माहौल खराब होने से पुलिस की टीम को जान बचाकर बनास नदी में भागना पड़ा और पुलिस ने भागकर जान बचाने पड़ी है। फिलहाल कोई भी पुलिसकर्मी मौके पर नहीं जा पा रहा है। घटना के दौरान पुलिस मृतक ट्रैक्टर चालक के शव को कब्जे में कर अपने साथ लाने में जरूर कामयाब हो गई । पुलिस ने मृतक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचा दिया ।

## वरिष्ठ पत्रकार एवं आई एफ डब्ल्यू जे के राष्ट्रीय अध्यक्ष के विक्रम राव को दी श्रद्धांजलि



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर ।** देश के ख्यातनाम पत्रकार एवं अग्रणी पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव के निधन पर शुक्रवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई ।

सभा का आयोजन आई एफ डब्ल्यू जे संगठन कि सवाई माधोपुर इकाई द्वारा किया गया इस अवसर पर आई एफ डब्ल्यू जे जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने दिवंगत डॉ. विक्रम राव की जीवनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी । संगठन के सचिव राजेश गोयल ने बताया कि इसके पश्चात दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का शांति मौन रखा गया, उसके पश्चात उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं, एवं जनसंपर्क कार्यालय के कार्मिकों द्वारा उन्हें पुष्पांजलि के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए । इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार गिर्राज शर्मा, बजरंग सिंह राजावत ,राजमल जैन , सत्यनारायण नावरिया , दिलीप पाटीदार, सुरेंद्र शर्मा , राजेश गोयल,जितेंद्र जैन ,शादाब अली ,निर्मल सेन, नरेंद्र शर्मा ,रोहित गुप्ता, मुकेश कुमार जैन ,विद्युत जैन,जन संपर्क विभाग के किरोड़ी लाल मीणा ,सादिक अली ,शिव कुमार शर्मा, शिव चरण , आदि मौजूद रहे ।

### रणथंभौर के टाईगर बने अर्ध पालतू

# बैट अर्थात जिन्दा भैंसा देने से अब शिकारी नहीं अर्ध पालतू जानवर बने रणथंभौर के बाघ

### बाघिन कनकटी के हमला करने के पीछे कहीं यही तो कारण नहीं, वन्यजीव विशेषज्ञों ने तो कुछ ऐसी ही जताई है आशंका

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर ।** सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर टाईगर रिजर्व में वन विभाग द्वारा बाघों को बैट अर्थात जिन्दा भैंसा दिए जाने से अब बाघ शिकारी नहीं अर्ध पालतू जानवर बनते जा रहे हैं ।

रणथंभौर की बाघिन कनकटी उर्फ अन्वी का मानव शिकार किए जाने के पीछे शायद यही कारण है। यह हमनें नहीं, वन्यजीव विशेषज्ञों ने कुछ ऐसी ही आशंका जताई है। इसी कारण एक ही बाघिन द्वारा तीन लोगों पर किए गए हमले में एक सात वर्षीय बालक



कार्तिक सुमन व दूसरे रेंजर देवेन्द्र चौधरी को जान गवांनी पड़ी है। यह विभागीय अनदेखी का ही नतीजा है ।

**अनुभवी ने वनकर्मियों को दी थी चेतावनी**

रणथंभौर के विश्वस्त सूत्रों की मानें तो गत वर्ष रणथंभौर पार्क भ्रमण पर आए एक विशेषज्ञ ने पदम तालाब, राजबाग और मलिक तालाब झीलों के आसपास टयूरिस्ट एरिया की ओर जाने वाले जोगी महल गेट पर सड़क के किनारे दीवार से कुछ मीटर की दूरी पर झाड़ियों के किनारे बाघ को बैठे देखा था ।

बाघ की नजर दीवार के पीछे बने दो छोटे कमरों में से एक पर टिकी थी। नजदीक से देखने पर उन्हें बंद दरवाजों के दूसरी तरफ एक भैंस की धीमी रम्हाने की आवाज सुनाई दी। पता चला कि वन कर्मचारी उस कमरे का इस्तेमाल एक जिन्दा भैंस को रखने के लिए कर रहे थे। इसे बाघिन ऐरोहेड टी-84 को भोजन के तौर पर दिया जा रहा था। इतना ही नहीं एक अनुभवी ने ड्यूटी पर तैनात वन कर्मचारियों को वार्निंग भी दी थी कि उन्हें बाघों को इतने नजदीक लाने की कीमत चुकानी पड़ सकती है। अनुभवी की बात सच साबित हुई और हाल ही जोगी महल क्षेत्र में टाईगर ने रेंजर देवेन्द्र चौधरी को मार दिया। यह एक माह से भी कम समय में दूसरी मौत थी।

### रणथंभौर प्रशासन की बाघिन को बाड़े में स्थानांतरित करने की मांग ठुकराई

वन विभाग के विश्वस्त सूत्रों की मानें तो रणथंभौर प्रशासन ने 16 अप्रैल की घटना के बाद बाघिन कनकटी को एक बाड़े में स्थानांतरित करने की मांग की थी। जयपुर मुख्यालय से त्रिनेत्र गणेश यात्रियों की आवाजाही को नियंत्रित करने और पटाखे फोड़ने के निर्देश दिए गए । सूत्रों के अनुसार कई मौकों पर युवा बाघिन कनकटी उर्फ अन्वी और उसके भाई-बहनों ने आक्रामक व्यवहार दिखाया और बेखौफ होकर पार्क से बाहर निकल गए। बाघिन कनकटी ने मुख्य रणथंभौर रोड पर एक चारदीवारी फांदकर चहल कदमी की। कुछ दिन पूर्व बाघिन को एक होटल से बचाया गया था, जहां वह बेखौफ होकर बाहर निकल गई थी।

# अन्न भण्डारण क्षमता बढ़ाने के लिए नवीन गोदामों के निर्माण पर करें फोकस - डॉ. आशीष भूटानी

## सहकारिता मंत्रालय के केन्द्रीय सचिव ने ली विभाग की समीक्षा बैठक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि राजस्थान में गोदाम निर्माण की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में अन्न भण्डारण क्षमता बढ़ाने पर विशेष रूप से फोकस करते हुए नये गोदामों का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि विकेन्द्रीकृत व्यवस्था करते हुए खरीद केंद्रों के निकट क्षेत्रों की बजाय अधिक उपभोग वाले क्षेत्रों में ज्यादा गोदाम निर्माण किए जाने की आवश्यकता है। इससे ट्रांसपोर्टेशन पर होने वाले व्यय में कमी आएगी।

डॉ. भूटानी शुक्रवार को शासन सचिवालय स्थित समिति कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 एवं 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही पहलों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सहकारिता से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे गोदामों के निर्माण की बजाय पैक्स को बड़े गोदामों का निर्माण करने के लिए तैयार किया जाए। फसल बीमा का कार्य पैक्स और कॉमन सर्विस सेंटर्स के माध्यम से करवाये जाने के गंभीरता से प्रयास किए जाएं। साथ ही, राज्य की सहकारी समितियों को राष्ट्रीय स्तर पर गठित की गई तीन नवीन सहकारी संस्थाओं का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन समितियों का सदस्य बनने से समितियों को कई प्रकार के लाभ मिलेंगे। सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ जैन ने कहा कि माननीय केन्द्रीय सहकारिता मंत्री के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा खाद वितरण के लिए पैक्स को प्राथमिकता दी जाए तथा इफको एवं कृभको आदि संस्थाओं द्वारा भी इसके लिए पैक्स को ही आवंटन किया जाए। केन्द्र सरकार के स्तर से इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 25 से 30 प्रतिशत अधिक खाद का वितरण पैक्स के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जैन ने कहा कि खाद की पैक्स स्तर तक डिलीवरी की व्यवस्था की जाए तथा जिन पैक्स के पास फर्टिलाइजर लाइसेंस नहीं है, उन्हें दिलवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।


» जयपुर ... सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक लेते केन्द्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी

जैन ने कहा कि जन-धन केन्द्र लोगों की अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर खोले जाएं। जिन पैक्स का कम्प्यूटराइजेशन किया जा रहा है, उन सभी में कॉमन सर्विस सेंटर बनाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि पैक्स कम्प्यूटराइजेशन की समयबद्ध क्रियान्विति तथा दुग्ध उत्पादकों को अधिक रूपे कार्ड जारी करने के लिए नाबार्ड के स्तर से मॉनिटरिंग व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है।

बैठक में सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने प्रस्तुतीकरण देते हुए अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत आयोजित की जा रही गतिविधियों एवं सहकार से समृद्धि कार्यक्रम की विभिन्न पहलों की प्रगति से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि राज्य में 41 हजार से अधिक सहकारी समितियां हैं, जिनके एक करोड़ से अधिक सदस्य हैं। प्रदेश के लगभग 80 लाख कृषक सहकारिता से जुड़े हुए हैं। श्रीमती राजपाल ने बताया कि तक 4837 पैक्स को गो-लाइव किया जा चुका है और हम मई माह के अंत तक 5000 पैक्स गो-लाइव करने के लक्ष्य के बहुत निकट हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय बीज सहकारी समिति की सदस्यता के लिए राज्य की लगभग 2000 समितियों द्वारा आवेदन किया गया है। राष्ट्रीय स्तर की तीन नई सहकारी समितियों की नोडल एजेंसी के रूप में राजफेड को नामित किया गया है तथा उनके साथ एमओयू की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। साथ ही, नई एम-पैक्स एवं डेयरी सोसायटी के गठन की दिशा में भी राज्य में अच्छा कार्य हुआ है।

# गृह क्लेश के चलते महिला ने किया ओवरडोज दवाओं का सेवन

## तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने कराया अस्पताल में भर्ती

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** कस्बे की एक 25 वर्षीय विवाहित महिला ने गृह क्लेश के चलते ओवरडोज दवा का सेवन कर लिया। जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उसे अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया है। शहर के सामान्य अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ. आनंद वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को दिन में करीब 12 बजे कस्बे की 25 वर्षीय विवाहित महिला को पति द्वारा को अस्पताल लाया गया। साथ आए परिजनों ने बताया कि उसने घर में रखी दवाओं का अधिक मात्रा में सेवन कर लिया है। ऐसे में ओवरडोज दवा खाने से उसकी तबियत बिगड़ गई है। जब परिजनों से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि घर में पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद महिला ने अपने कमरे में जाकर पुरानी रखी हुई दवाइयां खाली है। जिसके बाद तबीयत बिगड़ने पर वे उसे अस्पताल लाए हैं। चिकित्सक द्वारा बेसुध हुई महिला को तुरंत भर्ती कर उपचार शुरू किया है प्रथम दृष्टया कारण घर में झगड़ा होना बताया गया है। अस्पताल प्रशासन ने घटना की जानकारी कोतवाली थाना पुलिस को दी है।


» बाड़ी ... शहर के अस्पताल में भर्ती महिला।


» धौलपुर ... हथकढ़ शराब पर कार्रवाई करती पुलिस

# हथकड़ शराब निर्माण की 20 भट्टियां तोड़ीं, 2000 लीटर वाश किया नष्ट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना सदर पुलिस द्वारा ग्राम आदर्श नगर मे अवैध हथकड शराब निर्माण के स्थानों पर दबिस देकर अवैध हथकड शराब निर्माण की करीब 20 भट्टीयों को नष्ट किया जाकर अवैध शराब बनाने मे इस्तेमाल होने वाली 2000 लीटर वाश को नष्ट किया गया है।


» बाड़ी ... ईमित्र संचालकों को आईडी कार्ड देते पदाधिकारी।

# हर सेंटर संचालक को आईडी कार्ड के साथ सेंटर पर लगाना होगा बैनर और रेट लिस्ट

## पंचायत समिति परिसर में हुई ई-मित्र संचालकों की बैठक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर के पंचायत समिति परिसर में शुक्रवार को ईमित्र संचालकों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। सफायर इन्फोलाइन संस्था के जिला कोऑर्डिनेटर गौरव शर्मा ने सभी ईमित्र संचालको की बैठक ली। जिसमें सभी ईमित्र संचालकों से आग्रह किया गया की वे डीओआईटी साइट पर दी गई गाइड लाइन का पालन करें साथ में उन्होंने सभी ईमित्र संचालकों को आईडी कार्ड पहनने,स्टेशनरी रखने के साथ सेंटर पर बैनर और रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान काम के ट्रांजैक्शन पर ईमित्र संचालक अरुण शुक्ला को प्रथम,विवेक पाराशर को दूसरे और गोपाल लहचोरिया को तीसरे स्थान पर आने पर सम्मानित किया गया। बैठक के बाद डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव शर्मा ने बताया कि डीओआईटी साइट पर जो गाइडलाइन दी है। अधिकांश ईमित्र संचालक उनका पालन कर रहे हैं। कुछ जगह से शिकायत मिली है। जिसके आधार पर उन सेंटर को गाइड लाइन की पालना करने के निर्देश दिए हैं।

संस्था का उद्देश्य यह है कि जितने भी ईमित्र संचालक हैं वे अपने केंद्र पर आईडी कार्ड पहन कर बैठे।अपने सेंटर पर स्टेशनरी रखें। रेट लिस्ट चस्पा करे और बैनर भी लगाए साथ में किसी भी उपभोक्ता से ओवरचार्जिंग ना करें। प्रत्येक उपभोक्ता से अच्छा व्यवहार करे। बैठक के दौरान शहर के पांच दर्जन से अधिक ईमित्र संचालक मौजूद रहे। जिनको डिस्टिक कॉर्डिनेटर द्वारा एंजियो के सहयोग से उपलब्ध कराए गए आईडी कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान ईमित्र संचालक गोपाल लहचोरिया,अरुण शुक्ला,विवेक पाराशर, विष्णु पचौरी,वेद प्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।



# 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** 15 सूत्रीय कार्यक्रम प्रगति के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग के संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। उन्होंने बैठक में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाओं के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अल्पसंख्यक वर्गों को विभिन्न विभागों द्वारा समुचित लाभ देने एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु अल्पसंख्यक समुदाय को प्रेरित करने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की अधिकारी रेखा शर्मा को अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक प्रेरित कराने हेतु निर्देश प्रदान किये। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने अल्पसंख्यक क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति, अल्पसंख्यक वर्गों को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति सहित अल्पसंख्यक वर्गों को देय अन्य छात्रवृत्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बीलपुर में मेगा अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** स्थानीय विद्यालय में प्रधानाचार्य बृजेंद्र सिंह राजपूत के सानिध्य मैं मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों एवं अभिभावक ने बढ़ चढ कर भाग लिया मेगा पीटीएम के अंतर्गत कक्षा 1- 2 के छात्रों को हॉलिस्टिक कार्ड, 3- 4, 6- 7 तथा 9 एवं 11का परीक्षा परिणाम आउट कर उन्हें अंकतालिकाएं वितरित की गई। साथ ही विद्यार्थियों के अभिभावकों को कक्षाध्यापको द्वारा परीक्षा परिणाम को दिखाकर उनके शैक्षणिक स्तर, विद्यालय में ठहराव ,दिए गए ग्रीष्मकालीन गृहकार्य के बारे में चर्चा एवं वार्ता कर मनोभावनाओं का आदान प्रदान किया गया। साथ ही प्रधानाचार्य बृजेंद्र सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को गत कक्षा की पाठयपुस्तकों को जमा कर, ई कक्षाओं की पाठयपुस्तक विद्यालय से प्राप्त कर ग्रीष्मकालीन अवकाश में शैक्षणिक कार्य करने एवं शिक्षण कार्य की सतता बनाए रखने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के बारे में अभिभावकों से वार्ता की साथ अभिभावकों, एसडीएमसी सदस्यों को विद्यालय में विद्यार्थियों के नए प्रवेश कराने, प्रवेशोत्सव अभियान के तहत बनाई गई सर्वे टीम को घर घर जाने पर उनका सर्वे कार्य में सहयोग करे की अपील भी की गई। जिससे ड्रॉप आउट एवं साक्षर के वास्तविक आकड़े प्राप्त हो सके और अनामांकित,ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जा कर नामांकन बढ़ाया जा सके एवं असाक्षरों की पहचान कर उन्हें साक्षर बनाया जा सके। प्रधानाचार्य ने मेगा पीटीएम में उपस्थित एस डी एम सी सदस्यों को इस सत्र में भामाशाहों द्वारा किए गए कार्यों जैसे कक्षा कक्ष ,मुख्य द्वार निर्माण एवं डोनेट की गई सामग्री आदि पर चर्चा कर नए सत्र 2025-26 में भामाशाहों को विद्यालय के भौतिक विकाश में सहयोग करने को भी प्रेरित किया। अंत में विद्यालय प्रशासन द्वारा समस्त अभिभावकों, एसडीएमसी सदस्यों का धन्यबाद दिया गया।


» बाड़ी ... बैठक में मौजूद शिक्षा अधिकारी और पीईईओ

# बाड़ी : ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुई पीईईओ और संस्था प्रधानों की बैठक

## स्कूली बच्चों की यूनिफॉर्म सिलाई के साथ अन्य विषयों पर हुई चर्चा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को क्षेत्र के पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों एवं शहरी क्षेत्र के पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी का एक कैंप संयुक्त शिक्षा निदेशक भरतपुर के निर्देश पर आयोजित किया गया। जिसमे सत्र 2023-24 में सरकार द्वारा सरकारी विद्यालय में अध्ययरत बच्चों के लिए उपलब्ध कराई गई यूनिफॉर्म की सिलाई की राशि की डीबीटी की प्रगति की समीक्षा के साथ साथ जिन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों का कार्य संतोषजनक नहीं था, उनसे कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। ब्लॉक शिक्षा विभाग के आरपी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि कैंप में मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में वर्तमान में चल रहे धारा प्रवाह पठान के तहत बच्चों के मूल्यांकन की समीक्षा की गई। जिसमें जिन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों के क्षेत्र में बच्चे शेष रहे है उनको पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के नामांकन के अनुसार फर्नीचर के सेट की आवश्यकता की सूचना प्राप्त की गई। बैठक में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों के साथ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा ने वार्ता करते हुए विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की।अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक ने डीवीटी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। आर पी सुरेश भारद्वाज एवं घनश्याम दास मीणा ने ओरल रीडिंग फ्रीक्वेंसी कार्यक्रम के बारे में समीक्षा की। बैठक में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विष्णु कुमार शर्मा, राजकुमार उपाध्याय, द्वारका प्रसाद मीणा, विष्णु कुमार मीणा, रामचरण मीणा, राजेंद्र सिंह बघेल, रजनीश रावत सहित अन्य मौजूद रहे।

### विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**धौलपुर।** 132 केवी रीको मनियां पर 4 किमी पुराने कंडक्टर को नए कंडक्टर बदलने के कारण 18 से 20 मई तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियन्ता 132 केवी जीएसएस मनियां ने बताया कि कोलरी, सकतपुर, महाराजा कोल्ड, पचगांव, मनियां, बगचौली, जाटौली, मरेना, जसुपुरा, राजाखेड़ा नदोरा, मढ़ाभाऊ एवं नागर की 18 से 20 मई को प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।



# लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्ड विषय पर स्टैंडर्ड क्विज का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो, नोएडा ब्रांच, दिल्ली के निर्देशन में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर के स्टैंडर्ड क्लब 4378 द्वारा क्लब के विद्यार्थियों हेतु लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्ड÷ विषय पर स्टैंडर्ड क्विज का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां वीणावादिनी पर दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा ने बताया कि स्कूली जीवन में विद्यार्थी स्टैंडर्ड क्लब के माध्यम से ट्रेंड होकर अपने परिवार, समाज और देश को जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने विद्यालय के स्टैंडर्ड क्लब की सदस्यता को 62 से बढ़ाकर 100 तक ले जाने की अपील की। स्टैंडर्ड क्लब मेंटर अनुपम पाराशर ने बताया कि स्टैंडर्ड और साइंस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। स्टैंडर्ड क्लब के माध्यम से विज्ञान शिक्षण को आसान बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो, केंद्रीय उपभोक्ता मंत्रालय का स्वायत्त शासी घटक है। विद्यालय का स्टैंडर्ड क्लब बी आई एस नोएडा ब्रांच द्वारा मान्यता प्राप्त ए ग्रेड क्लब (रजिस्ट्रेशन नंबर 4348) है। विज्ञान संकाय प्रभारी मंजू जादौन एवं प्रियंका जिंदल ने विज्ञान एवं मानकों के संतुलन पर प्रकाश डाला। उन्होंने विज्ञान की पाठयपुस्तक में से जीवन में उपयोगी कुछ स्टैंडर्ड विद्यार्थियों को बताए। भगवान सिंह मीणा ने विद्यार्थियों को मानक क्लब की सदस्यता ग्रहण कराई एवं नए सत्र में क्लब की आगामी गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। क्विज प्रतियोगिता में कुल 50 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता निर्णायक कमेटी के अध्यक्ष वीर सिंह टांक ने बी आई एस के मानदंडों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया। इसमें 11ए की छात्रा तनुसैनी ने प्रथम पुरस्कार के रूप में 1000 नगद प्राप्त किए। द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के तौर पर कक्षा 11ए की आयुषी एवं हिमांशी ने क्रमशः 750 एवं 500 का नगद पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 11बी की ज्योति शर्मा ने 250 रुपए का सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, पारितोषिक एवं अल्पाहार दिया गया। पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थी काफी खुश नजर आ रहे थे।

# चोरी की वारदातों को लेकर पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो चोरों को किया गिरफ़्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** कोतवाली थाना पुलिस ने शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदातों को लेकर कार्रवाई करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए चोरों में एक 15 वर्षीय नाबालिक भी शामिल है। ऐसे में पुलिस गिरफ्त में आये चोरों से चोरी की घटनाओं को लेकर पूछताछ कर रही है साथ में अन्य आरोपियों को लेकर भी तलाश जारी है।

कोतवाली थाना अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि बाड़ी शहर में पिछले एक सप्ताह से लगातार चोरी की वारदातें सामने आ रही थी हालांकि उक्त चोरी की घटनाओं में चोरों द्वारा कोई बड़ी चोरी नहीं की गई थी फिर भी लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे थे। ऐसे में मुखबिर तंत्र के सहयोग और पुलिस टीम के सहयोग से दो चोरों को गिरफ्तार किया गया है।


» बाड़ी ... पुलिस की गिरफ़्त में आरोपी चोर

एक चोर 15 वर्षीय नाबालिक है जो विधि के विरुद्ध संघर्षरत है जिसे निरुद्ध किया है साथ में दूसरा चोर 24 वर्षीय मन्नू पुत्र जब्बार खा है। जो शहर के पुराना बाजार का निवासी है।दोनों चोरों से चोरी की घटनाओं को लेकर पूछताछ की जा रही है। चोरी की उक्त घटना में और कितने लोग शामिल थे इसको लेकर साथ में माल की बरामदगी को लेकर भी पूछताछ जारी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, प्रबंध संपादक बेनी प्रकाश खोरानिया मोबा. 9549977995 : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।